

दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वर्ष 54/ अंक 245/ पृष्ठ 8 / मूल्य 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 भोपाल से प्रकाशित | अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म, सत्य ही सबसे बड़ी शक्ति | dainiksandhyaprakash.in


## महावीर जयंती: राष्ट्रपति मुर्मु, उपराष्ट्रपति धनखड़ और प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की 2623वीं जयंती मनाई जा रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, महावीर जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। अहिंसा और शांति के साक्षात स्वरूप, भगवान महावीर ने मानवता को त्याग, सत्य और अपरिग्रह की राह दिखाई। आइए, हम सब उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए, समस्त विश्व के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पर लिखा, महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई। भगवान महावीर की शाश्वत शिक्षाएं- अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह- एक अधिक दयालु और सामंजस्यपूर्ण दुनिया की ओर हमारा मार्ग रोशन करती रहती हैं। इस महावीर जयंती पर आइए हम आध्यात्मिक अनुशासन, आत्म-संयम और सार्वभौमिक करुणा को अपनाते हुए उनके जीवन और आदर्शों से शक्ति प्राप्त करें।÷



वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को महावीर जयंती की बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, हम सभी भगवान महावीर को नमन करते हैं, जिन्होंने हमेशा अहिंसा, सत्य और करुणा पर जोर दिया। उनके आदर्श दुनिया भर के अनगिनत लोगों को ताकत देते हैं। उनकी शिक्षाओं को जैन समुदाय ने खूबसूरती से संरक्षित और प्रचारित किया है। भगवान महावीर से प्रेरित होकर, उन्होंने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की और समाज के कल्याण में योगदान दिया। हमारी सरकार हमेशा भगवान महावीर के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए काम करेगी। पिछले साल, हमने प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया, जिसकी बहुत सराहना हुई।

जैन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों में से एक महावीर जयंती जैन कैलेंडर के अनुसार चैत्र महीने में शुक्ल पक्ष की 13वीं तिथि को मनाई जाती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में कुंडलग्राम में हुआ था, जो वर्तमान में बिहार के पटना के पास है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान महावीर जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को प्रदेशवासियों को भगवान महावीर की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान महावीर से सभी के सुख, समृद्धि और प्रसन्नता की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं।जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह का प्रकाशपुंज है। आपके उपदेश मानव-कल्याण और सभ्य समाज के निर्माण हेतु सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

---

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## टैरिफ युद्ध के बीच भारत को राहत, ट्रंप के सहयोगी ने कहा, भारत से वार्ता आगे

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध के बीच भारत के लिए एक बढ़िया खबर सामने आई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश व्यापार वार्ता में सबसे आगे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैरिफ में बढ़ोतरी केवल किसी एक देश के खिलाफ नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार में गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों के लिए की गई है।



बेसेंट ने कहा, चीन आधुनिक इतिहास की सबसे असंतुलित अर्थव्यवस्था है और अमेरिकी व्यापार असंतुलन का प्रमुख कारण है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसका जवाब साहस के साथ दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका अब अपने व्यापारिक साझेदारों, खासकर भारत जैसे देशों के साथ मिलकर समाधान निकालने पर ध्यान दे रहा है। बेसेंट के अनुसार, टैरिफ वृद्धि बुरे खिलाड़ियों के लिए है, जबकि भारत जैसे सहयोगी देशों के साथ सकारात्मक वार्ता जारी है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि ट्रंप की रणनीति के तहत 75 से अधिक देश व्यापार वार्ता में शामिल होने को तैयार हैं। इन देशों के लिए 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ को कम करने की योजना है, जबकि चीन पर शुल्क 125 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा, 90 दिनों की वार्ता अवधि तय की गई है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, टैरिफ लागू होने के बाद यह आशंका थी कि दुनिया चीन के करीब जाएगी, लेकिन वास्तव में इसके उलट हुआ। सभी देश अमेरिका के बाजारों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने ट्रंप की दीर्घकालिक रणनीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अमेरिकी श्रमिकों के हित में है। भारत के लिए यह स्थिति व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने और अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने का सुनहरा मौका लेकर आई है।

## कैलाश नाथ काटजू अस्पताल में महिला ने एक साथ 4 बच्चों को दिया जन्म, दो की हालत गंभीर

**भोपाल।** कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में बुधवार को एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया। इनमें दो बेटियां और दो बेटे हैं। यह अस्पताल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया हो। इससे पहले, पिछले साल एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया था। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों का जन्म समय से पहले, यानी गर्भावस्था के सातवें महीने में ऑपरेशन के जरिए कराया गया। चारों नवजातों का वजन



800 ग्राम से 1 किलो के बीच है, जो सामान्य से काफी कम माना जाता है। फिलहाल सभी बच्चों को अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें वॉर्मर पर रखा गया है। डॉक्टर के अनुसार एक साथ तीन बच्चों का जन्म अब आम होता जा रहा है, लेकिन चार बच्चों का जन्म एक दुर्लभ घटना है। महिला जब पहली बार जांच के लिए अस्पताल आई थी, तब सोनोग्राफी में चार भ्रूणों की पुष्टि हो चुकी थी। सातवें महीने में प्रसव पीड़ा शुरू होने पर महिला को तत्काल इमरजेंसी में भर्ती किया गया। इस प्रकार के मामलों में महिला और बच्चों दोनों की विशेष देखभाल जरूरी होती है। अस्पताल की टीम लगातार नवजातों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

---

### केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने दी 1352 करोड़ की सौगात

# गडकरी ने किया उज्जैन-बदनावर फोरलेन का किया लोकार्पण





**बदनावर (धार)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में 69.1 किमी लंबे उज्जैन-बदनावर फोरलेन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उनके साथ रहे।



बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उज्जैन से बदनावर तक 1352 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन बनाया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम धार में एक फैक्ट्री के सामने नवीन सर्कल पर किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम से प्रदेश के एकमात्र पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क निर्माण को गति मिलने की उम्मीद है।इससे क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने में मदद मिलेगी। बदनावर में लोकार्पण के बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी उज्जैन के लिए रवाना हो जाएंगे।

## इधर... मुख्यमंत्री मोहन यादव ने धार की पर्यटन नगरी मांडू के प्राचीन महलों को निहारा



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पर्यटन नगरी मांडू की ऐतिहासिक इमारतो को निहारने पहुंचे। प्राचीन इतिहास को जानकर काफी प्रभावित हुए साथ ही उन्होंने प्राचीन जल संरचनाओं को देखकर उनके बारे में बारीकी से जाना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बीती रात अचानक जहाज महल में बने तवेली महल में रुकने का मन बनाया था। सुबह जल्दी 6.30 बजे उठकर वह यहां के प्राचीन महलों को देखने के लिए निकल पड़े। यहां गाइड विश्वनाथ तिवारी ने उन्हें प्राचीन इतिहास के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने यहां करीब डेढ़ घंटे तक प्राचीन इमारत को निहारा वह इतिहास को जाना। उन्होंने जहाज महल, चंपा बावड़ी, हिंडोला महल, हमाम आदि ऐतिहासिक महलों का भ्रमण किया। जहाज महल स्मारक समूह का भ्रमण करने के बाद मुख्यमंत्री यादव ने दैनिक दिनचर्या अनुसार जहाज महल के ऊपर सकोरों में पानी डाला और पक्षियों को दाने भी डालें।

यहां से सड़क मार्ग से वह धरमपुरी के लिए रवाना हुए वहां भगवान जागीरदार महादेव का अभिषेक कर पुनः मांडू आए और फिर हेलीकॉप्टर से इंदौर के लिए रवाना हुए। उन्होंने जहाज महल में मांडू का लाइट एंड साउंड शो भी देखा और मांडू के इतिहास से रूबरू हुए।

## पीएम के आनंदपुर धाम दौरे से पहले सुरक्षा सख्त

### 1930 से सक्रिय ट्रस्ट बना सामाजिक सरोकारों का केंद्र

**भोपाल।** अशोकनगर की ईशागढ़ तहसील के स्थित आनंदपुर धाम में 12 अप्रैल से बैसाखी मेले का आयोजन होने जा रहा है।



इस मेले के शुभारंभ के एक दिन पहले 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आनंदपुर धाम का दौरा करेंगे। इस मेले में शामिल होने हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश और विदेश से आते है। जो आनंद सरोवर में स्नान के बाद गुरु महाराज के सामने मत्था टेकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियां हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी आनंदपुर धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तैयारियों का जायजा ले चुके हैं। प्रधानमंत्री का अशोकनगर स्थित श्री आनंदपुर धाम धार्मिक स्थल का यह दूसरा दौरा होगा।

### मिनिस्टर इन बैटिंग घोषित हुए राकेश शुक्ला



मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मध्यप्रदेश विजिट पर कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला को मिनिस्टर इन बैटिंग घोषित किया है। मंत्री शुक्ला पीएम नरेंद्र मोदी की अगवानी एवं विदाई तक प्रोटोकॉल में तैनात रहेंगे।

### पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने पहुचे सहपरिवार शिवराज




**काठामांडू।** बिम्स्टेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान काठमांडू (नेपाल) में हैं। शिवराज सिंह चौहान बैठक के पश्चात आज परिवार के साथ पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंचे मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ शिवराज सिंह की आत्मीय भेंट हुई।





### मुख्यमंत्री ने मांडू में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धरमपुरी (धार) म जागारदार मंदिर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मांडू में खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के ऐतिहासिक वृक्ष को देखा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मांडू में खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के ऐतिहासिक वृक्ष को देखा।

### एमएसपी पर गेहूं उपार्जन के लिए 15.33 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन अब बंद हो गया है यानि जिन किसानों ने स्लॉट बुक नहीं कराये अब उन्हें निराश होना पड़ेगा क्योंकि पंजीयन की अंतिम तारीख 9 अप्रैल अब बीत चुकी है, आपको बता दें कि 20 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक चली पंजीयन की प्रक्रिया में 15 लाख 33 हजार किसानों ने एमएसपी पर गेहूं उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया और स्लॉट बुक किया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक निर्धारित है।

## निजी शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण लागू करना चाहती है कांग्रेस, अहमदाबाद अधिवेशन में प्रस्ताव पारित

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें केंद्र की भाजपा सरकार पर संविधान पर लगातार हमले करने का आरोप लगाया है। प्रस्ताव में कांग्रेस पार्टी की जिला ईकाई को मजबूत कर पार्टी के संगठन को मजबूत करने की बात भी कही गई है। साथ ही कांग्रेस ने इस प्रस्ताव में निजी शैक्षिक संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग को आरक्षण देने की भी बात कही है।

**सरकार की विदेश नीति की आलोचना की-** कांग्रेस ने अपने प्रस्ताव न्याय पथ में भाजपा की विदेश नीति की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस की सरकारों में वैश्विक



स्तर पर भारत की साख बढ़ी। प्रस्ताव में कहा गया है कि कांग्रेस सरकारों की विदेश नीति भारत के हित साधने और वैश्विक तौर पर सुंतलन बनाए रखने और बातचीत से मुद्दों का हल निकालने के समर्थक के तौर पर थी, लेकिन मौजूदा सरकार व्यक्तिगत छवि बनाने के लिए भारत की विदेश नीति से समझौता कर रही है।

## शिवपुरी में भगवान महावीर जयंती की शोभायात्रा में सिंधिया ने बजाया ढोल

**भोपाल।** प्रदेश में गुरुवार को महावीर जयंती का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया । शिवपुरी में महावीर जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। शोभायात्रा में सिंधिया ने आरती की जैन समाज के युवाओं द्वारा बजाए जा रहे पारंपरिक ढोल को खुद भी बजाया। इंदौर सहित प्रदेश के तमाम बड़े शहरों और जैन तीर्थ स्थलों पर शोभायात्राएं निकाली गईं। प्रदेश के पांच बड़े जैन तीर्थ स्थलों पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए हैं। सभी शहरों में दिगंबर और श्वेतांबर समाज ने अलग-अलग रथयात्रा निकाली हैं। इंदौर में श्वेतांबर जैन समाज ने सुबह राजवाड़ा से रथयात्रा निकाली। 108 युवाओं ने चांदी का रथ खींचा। यात्रा में पंजाब और कर्नाटक की नृत्य मंडली शामिल हुई। इस दौरान महावीर बाग के पास जाम लग गया। उज्जैन में श्वेतांबर-दिगंबर समाज का सामूहिक जुलूस निकला, जिसमें चांदी की वेदी में प्रभु को





विराजमान कर समाजजन अपने कांधे पर उठाकर निकले। जुलूस में महिलाओं ने भगवान का रथ खींचा। प्रदेश में जैन समाज के 5 बड़े तीर्थ स्थल है। इनमें बैतूल में मुक्तागिरि, बड़वानी में बावनगजा, इंदौर में गोम्मटगिरि, दमोह में कुंडलपुर औरधार का मोहनखेड़ा शामिल हैं।

### प्रदेश में 5 बड़े जैन तीर्थ


प्रदेश में जैन समाज के 5 बड़े तीर्थ स्थल है। इनमें बैतूल में मुक्तागिरि, बड़वानी में बावनगजा, इंदौर में गोम्मटगिरि, दमोह में कुंडलपुर और धार का मोहनखेड़ा शामिल हैं।

यहां भी महावीर जयंती पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

हुजूर विधानसभा में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक, वैचारिक और कूटनीतिक दृष्टि से वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी बना : रामेश्वर



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भाजपा स्थापना दिवस पर लिए गए अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी पार्टी में सक्रियता नजर आ रही है। भाजपा ने प्रत्येक विधानसभा में भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित कराने का प्रकल्प लिया है। इसी तारतम्य में बुधवार को हुजूर विधानसभा में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हुजूर विधानसभा के 537 सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे । विधायक रामेश्वर शर्मा ने संगठनात्मक विषय के साथ मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया। इस दौरान भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने स्वागत भाषण दिया। बैठक में भोपाल ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्री तीरथ सिंह मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री केदार मंडलोई सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जी के साथ लगभग 11 वर्षों में विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि - पिछले 11 वर्षों में भारत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर अपनी पहचान को पुनर्परिभाषित किया है। आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, हर घर जल, जनधन, उज्ज्वला जैसी योजनाओं ने आमजन का जीवन बदल दिया। श्री रामेश्वर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह यात्रा सिर्फ विकास की नहीं, बल्कि आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की यात्रा भी है। आज भारत न केवल आर्थिक, बल्कि वैचारिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बैठक में स्वागत भाषण देते हुए जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि - हुजूर विधानसभा ने भाजपा के हर अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे आजीवन सहयोग निधि की बात हो या अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष के कार्यक्रम, हुजूर ने हर आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई है। यहां का हर कार्यकर्ता बहुत सक्रिय है। हुजूर में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी की बात को हर माह अलग-अलग बूथों पर सुना जाता है। पूरे भोपाल में संगठनात्मक कार्यों में हुजूर विधानसभा सदैव अव्वल रहती है।

सम्मेलन में जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि - भारतीय राजनीति में भाजपा ने नैतिकता, पारदर्शिता और राष्ट्रवाद को केंद्र में रखकर एक नया राजनीतिक चरित्र गढ़ा है। जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति से हटकर भाजपा ने विकास, सुशासन और सबका साथ-सबका विकास को मूलमंत्र बनाया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया और लोकतंत्र की गरिमा को पुनर्स्थापित किया। देशभर में उभरता युवा नेतृत्व और विचारधारा आधारित संगठनात्मक संरचना इस परिवर्तन की पुष्टि करते हैं।

सम्मेलन में भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार विषय को लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष केदार मंडलोई ने भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता मात्र सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि विचारधारा के विस्तार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनमानस का समर्थन है। संगठन के अनुशासन, कार्यकर्ता केंद्रित कार्यसंस्कृति और बूथ स्तर तक की सक्रियता ने भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना दिया है। चुनाव दर चुनाव पार्टी की बढ़ती स्वीकार्यता, जनता के विश्वास का प्रतीक है। यह सफलता नेतृत्व की दूरदृष्टि, योजनाओं की जनसार्थकता और संगठन की सशक्त नींव से उपजी है।





भोपाल। श्री कालका बिजासन मंदिर चूना भट्टी कोलार रोड मां के दरबार में विधायक भगवान दास सबनानी एवं एसडीएम अर्चना शर्मा ने अपनी हाजिरी लगाई।

## पक्षियों के लिए सकोरे बांटे जाएंगे

**बैरसिया।** भगवान महावीर स्वामी की जयंती के पावन अवसर पर आचार्यश्री विद्यासागर गौ संवर्धन केंद्र संचालन समिति एवं मुनिश्री अजित सागर गौशाला समिति द्वारा एक करुणामयी पहल की जा रही है। इस वर्ष महावीर जयंती पर जियो और जीने दो के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए प्यासे पक्षियों के लिए सकोरे (पानी के पात्र) वितरित किए जाएंगे। गर्मियों की तीव्र तपिश में जब जल की एक-एक बूँद अमूल्य हो जाती है, ऐसे समय में यह प्रयास नन्हे-नन्हे पक्षियों के जीवन में राहत की बूँद बनकर उतरेगा। समिति की ओर से सभी नगरवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घर की छत या आँगन में एक सकोरा अवश्य रखें और उसमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरें।एक छोटा प्रयास, एक बड़ी राहत इस भावना के साथ आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में करुणा, सह-अस्तित्व और जीवदया की भावना को जागृत करना है। समिति के सचिव आशीष जैन ने बताया कि यह पहल समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली है और इसका सीधा असर पर्यावरण और जीवों की भलाई पर पड़ेगा। करुणा ही सच्ची पूजा है समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि इस मूल भावना के साथ यह आयोजन न केवल भगवान महावीर के संदेश को जीवन में उतारने का माध्यम बनेगा, बल्कि जीव मात्र के प्रति संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देगा।

## मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में एआई/एमएल आधारित कृषि उपज मॉडलिंग पर प्रशिक्षण

भोपाल। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में एआई/एमएल आधारित कृषि उपज मॉडलिंग पर विशेषज्ञों ने गहन जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिक, रीमोट सेंसिंग सेंटर, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. सुनील दुबे (उप निदेशक, एमएनसीएफसी, डीए एंड एफडब्ल्यू, भारत सरकार) ने यस-टेक परियोजना की कार्यप्रणाली, कार्यान्वयन की स्थिति, राज्यों में प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। श्री ऋषभ सक्सेना (पायथन डेवलपर एवं एआई/एमएल विशेषज्ञ, [illegible]) ने एआई/एमएल तकनीक का परिचय देते हुए फसल उपज अनुमान मॉडल को प्रस्तुत किया। उन्होंने न्यूरल नेटवर्क और रैंडम फॉरेस्ट जैसे तकनीकों के उपयोग के साथ क्रॉस वैलिडेशन मैट्रिक्स के माध्यम से त्रुटि विश्लेषण की जानकारी दी। डॉ. नीतू (वैज्ञानिक एसएफ, आरआरएससी, उत्तर नई दिल्ली) ने उपग्रह डाटा की सहायता से फसल मानचित्रण की उन्नत विधियों पर व्याख्यान देते हुए कृषि में हो रहे बदलावों को एआई/एमएल एवं रीमोट सेंसिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ. करुण कुमार चौधरी ने उपज अनुमान मॉडलिंग में रीमोट सेंसिंग, बीमा इकाई के प्रयोगों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. भवानी (एमएनसीएफसी, नई दिल्ली) ने धान की फसल पर आधारित उपज अनुमान मानचित्र प्रस्तुत किया और वर्तमान में अपनाई जा रही एआई/एमएल तकनीकों की भूमिका को रेखांकित किया।

## दादाजी धाम मंदिर में कल मनाया जाएगा भगवान हाटकेश्वर का जन्मोत्सव

भोपाल। दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 अप्रैल को भगवान हाटकेश्वर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शिवरतन नामदेव हाटकेश्वर शिवलिंग रूप हैं। पाताल लोक के स्वामी हैं। देवास जिले के हाटपिपल्या का नाम भी इन पर है वहां पौराणिक मंदिर है। एक खरगोन में, एक रायपुर में है। स्कंद पुराण में भी वर्णन है यह शिवलिंग मूलरूप से स्वर्ण का है जिसकी स्थापना लक्ष्मण जी ने वनवास के दौरान की थी। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को जिला दशोरा नागर समाज की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रात: 9:30 बजे से भगवान हाटकेश्वर अभिषेक, पूजन, हवन, आरती की जाएगी। उसके बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल भंडारा

**भोपाल।** भोपाल क्षेत्र के मालाखेड़ी विदिशा रोड स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर दशहरा मैदान प्रांगण भोपाल में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोविंदपुरा की लोकप्रिय विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जी पधारेंगी । यह कार्यक्रम का आयोजन कामता प्रसाद गौर जी द्वारा एवं समिति विकास पटेल, मुकेश गौर, के के गुर्जर, निलेश गोर आदि द्वारा करवाया जा रहा हैं । क्षेत्र वासियों की शारीरिक एवं मानसिक कष्टों के निवारण हेतु निशुल्क नेत्र दंत एवं स्वास्थ्य शिविर 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रात 11 बजे से 3 बजे तक रहेगा एवं दिव्य शक्ति दरबार एवं विशाल भंडारा 12 अप्रैल दिन शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा । सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

## कांग्रेस ने देश में दोहरी नीति बनाकर जनता को बांटने का काम किया: सबनानी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस की श्रृंखला में सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बुधवार को मानस भवन श्यामला हिल्स पर हुआ। सम्मेलन में विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी पूर्व सांसद आलोक संजय रोजगार निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया और वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए प्रेरक वक्ताव्यो को ध्यान पूर्वक सुना। सम्मेलन की शुरुआत वंदे मातरम् गीत के साथ की गई, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर आपातकाल, जनता पार्टी की सरकार, और फिर भाजपा के रूप में जनसंघ के पूर्वजन्म तक की यात्रा को रेखांकित किया। श्री सबनानी ने कहा कि किस तरह से कांग्रेस की सरकारों ने हमारे नेताओं को परेशान किया और देश में दोहरी नीति बनाकर जनता को बांटने का काम किया, संघ पर नेहरू सरकार ने प्रतिबंध लगाया, जम्मू कश्मीर में 370 लगा कर राज्य को विशेष दर्जा देकर देश को बांटने का काम किया, और समकालीन नेताओं में डॉ भीमराव अंबेडकर जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपमानित करने का काम किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो निशान दो विधान का विरोध किया और एकात्म मानववाद का मूल सिद्धांत दिया, कालांतर में हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेई जी सरकार को भी षड्यंत्रपूर्वक गिरा दिया गया, इस अवसर पर अटल जी ने लोकसभा में जो अपना संबोधन दिया था वह संबोधन प्रत्येक कार्यकर्ता को सुनना चाहिए। पर आज वर्तमान में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है और हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है आज लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ रहे हैं और लोगों का जीवन स्तर सुधार रहा है, मध्य प्रदेश में भी हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में जनकल्याण की कई योजनाएं चल रही हैं जिससे जुड़कर लोग अपने जीवन स्तर में सुधार कर रहे हैं और सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। मैं इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का स्वागत करता हूं। अपने वक्तव्य में पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि कार्यकर्ताओं से अंत्योदय के भाव से कार्य करने का आह्वान किया, और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की, शैलेंद्र शर्मा जी ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अनुशासन के मूल मंत्र को समझाया और अनुशासित होकर काम करने से होने वाली प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विधानसभा के पांचो मंडलों के अध्यक्षों प्रियेश उपाध्याय मुकेश देहाड़े सोनू पालीवाल हेमंत बडगैया पारस नरवरिया के साथ विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## टाटा प्ले बिंज लेकर आया है, आईपीएल के उत्साह के बीच क्रिकेट के रोमांच वाली फ़िल्में

**भोपाल।** पूरे देश में आईपीएल का उत्साह व्याप्त है। सभी पर क्रिकेट का बुखार चढ़ा है। मैच में छक्का लगने की खुशी हो, या फिर फैंटेसी लीग में बढ़ता स्कोर देखने की उत्सुकता, स्टेडियम से लेकर आपके घर की स्क्रीन तक, यह क्रिकेट का दौर बहुत ही रोमांचक है। लेकिन यदि रोज मैच देखने के बाद भी आपका मन न भरे, तो टाटा प्ले बिंज़ आपके लिए लेकर आया है क्रिकेट की प्रेरणा से बनी बेहतरीन फिल्में और सीरीज़। टाटा प्ले बिंज के साथ आप भावनाओं का उतार-चढ़ाव और रोमांच अपनी स्क्रीन पर देख सकेंगे, वो भी चैनल बदले बिना और अलग-अलग जगह लॉग इन किए बिना। क्रिकेट का पूरा मनोरंजन मिलेगा एक ही जगह पर। तो जब मैच होगा खत्म, बिंज होगा शुरू। मैच खत्म होने के बाद भी अपनी क्रिकेट की जिज्ञासा को जारी रखें। आईपीएल मैच के उत्साह के बीच देखिए उस खिलाड़ी की कहानी, जो चेन्नई सुपरकिंग्स को ले गया विजय के शिखर पर? एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी में भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक, महेंद्र सिंह धोनी का जीवन दिखाया गया है। एक छोटे से शहर से आने से लेकर विश्व कप में भारत को जीत दिलाने तक वो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। इस प्रेरणाप्रद जीवनी में उनके संघर्षों, सफलताओं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का सुंदर चित्रण है, जिसके बल पर वो क्रिकेट की महान हस्ती बन सके। धोनी का किरदार सुशांत सिंह राजपूत ने बखूबी निभाते हुए दर्शकों को उनके शांत व्यक्तित्व के पीछे उनके दिमाग में चल रहे संघर्षों, बलिदानों और उनके हैलीकॉप्टर शॉट्स की झलक प्रदान की है।

# अभी से गर्मी का कहर, राजधानी में स्कूलों का समय बदला

### जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए आदेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश में अप्रैल माह के आगमन के साथ ही गर्मी ने अपने तीव्र तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कुछ जगह तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में लू का अलर्ट भी जारी किया है। इसको देखते हुए राजधानी भोपाल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है।

मध्य प्रदेश में अप्रैल माह की शुरुआत होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और मौसम विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में हीट वेव का अनुमान है। इसके चलते राजधानी भोपाल में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में नए निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार, अब आठवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं 12 बजे के बाद नहीं होंगी। यह कदम विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से राहत देने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। वर्तमान में भोपाल और कई अन्य जिलों में अत्यधिक गर्मी महसूस की जा रही है, जिसका प्रभाव विद्यार्थियों की शारीरिक और मानसिक स्थिति पर पड़ सकता है।

### छुट्टी घोषित, 1 मई से 15 जून तक स्कूल बंद रहेंगे

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश के समस्त स्कूलों में अवकाश की तिथियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आदेश के अनुसार इस वर्ष छात्रों और शिक्षकों को निर्धारित अवधि में ग्रीष्मकालीन, दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश प्रदान किए जाएंगे। छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई 2025 से 15 जून 2025 तक रहेगा, जबकि शिक्षकों के लिए यह अवकाश 1 मई से 31 मई 2025 तक निर्धारित किया गया है। वहीं, 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर 2025 तक छात्रों एवं शिक्षकों-दोनों के लिए दशहरा अवकाश रहेगा। 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तक दीपावली की छुट्टियां घोषित की गई हैं, जो सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए मान्य होंगी।

## अमेज़न इंडिया 2025 के दौरान अपने आश्रय विश्राम केंद्रों के नेटवर्क को बढ़ाकर करेगी 100 तक

**भोपाल।** अमेज़न इंडिया ने घोषणा की कि उसने 2025 के दौरान देश भर में अपने आश्रय केंद्रों के अपने नेटवर्क को बढ़ाकर 100 तक करने की योजना बनाई है। ये आश्रय केंद्र ऐसे विश्राम स्थल हैं जो ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में डिलीवरी एसोसिएट को बैठने की वातानुकूलित जगह, स्वच्छ पेयजल, इलेक्ट्रोलाइट, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा किट और जलपान की सुविधा प्रदान करते हैं। यह उद्योग में अपने किस्म की पहली पहल है जिसके ज़्यादा व्यस्त क्षेत्रों में डिलीवरी एसोसिएट (डिलीवरी कर्मियों) और लॉजिस्टिक्स भागीदारों के लिए विशिष्ट विश्राम केंद्र मुहैया कराए जाते हैं। पेट्रोल पंप और वाणिज्यिक किराये की जगहों (कमर्शियल रेंटल) पर स्थित ये केंद्र आवश्यक सुविधाओं से लैस हैं। ये आश्रय केंद्र पूरे साल भर में सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होते हैं, जो यहां आने वाले सभी डिलीवरी एसोसिएट को हर बार आने पर 30 मिनट तक निःशुल्क उपयोग की सुविधा प्रदान करते हैं। किसी भी समय 15 लोगों के साथ बैठने-आराम करने की सुविधा प्रदान करने की क्षमता वाले इन केंद्रों में सुविधाजनक पार्किंग की भी सहूलियत होती है।

## कुछ दस्तकें, कुछ दस्तख़त




**भोपाल।** कुछ दस्तकें, कुछ दस्तख़त, इस किताब में रबींद्रनाथ टैगोर, पंडित रविशंकर, पंडित जसराज, लता मंगेशकर ,ज़ाहिर हुसैन, हरिहरन , सैय्यद हैदर रज़ा, निदा फ़ाज़ली, बंसी कौल जैसी संगीत, चित्रकला,रंगमंच विधाओं में अपनी शैली से अलग पहचान बनाने वाली सिध्दहस्त और मशहूर पचास शख्सियतों की कला पर पचास आलेख हैं। श्रीकांत आपटे के अनुसार आप सबके प्रेम और शुभकामनाओं का सुफल है कि इन पचास आलेखों में एक आलेख मेरी कोलाज कला और उसमें मेरे योगदान पर भी है।







# स्व-सहायता समूहों से महिलाओं का हो रहा है आर्थिक सशक्तिकरण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कायक्रम में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार हैद्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50त्न आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। नवरात्रि में 9 दिन देवी की आराधना की जाती है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की राशि मिलती रहेगी। अगर बहनों के हाथों में पैसे आएंगे तो परिवार में कुछ बचत होगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह परिवार और समाज को सशक्त बनाने का एक प्रयास है।







## जल गंगा संवर्धन अभियान में मंत्री सिलावट ने केरवा डैम के समीप किया श्रमदान



**भोपाल।** जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसी राम सिलावट ने बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने का आह्वान किया। मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प को पूरा करने और नदियों एवं तालाबों के संवर्धन के लिए प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य व्यापक पैमाने पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सभी अपनी सक्रिय भागीदारी से सफल बनाएं। केरवा डैम, भोपाल के समीप जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोजित किए गए श्रमदान कार्यक्रम में विधायक श्री भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक विष्णु खत्री, तीरथ मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, सरपंच मीरा तोमर, पर्यावरण विद अभिलाष खांडेकर, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को जल स्त्रोतों के सौंदर्यीकरण और गहरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के तालाबों के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी सख्त निर्देश दिए।

## भारत के महानिर्माण में प्रत्येक नागरिक, संस्था और संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ऑल इंडिया काउंसिल मीट-2025 में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के रूप में वैश्विक क्षितिज पर उभर रहा है। यह भारत का महानिर्माण काल है, जिसमें प्रत्येक नागरिक, संस्था और संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सफल रिट्रीट भोपाल में एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ऑल इंडिया काउंसिल मीट-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन के सभी प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों प्रतिनिधियों को सम्मानित किया उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आशा और संभावनाओं की दृष्टि से देख रही है। भारत वह राष्ट्र है जो विश्व में शांति स्थापित करने की सामर्थ्य रखता है। आज का भारत अपने निर्णय अंतर्राष्ट्रीय दबाव में नहीं, बल्कि वैश्विक हित में लेता है। हमारी सेनाएं पूरी मजबूती के साथ खड़ी हैं। अब वह समय नहीं जब हम ज़मीन पर विजय के बाद टेबल पर हार जायें, अब हम दुश्मन को घर में घुसकर जवाब देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारतीय सेना के साथ जुड़कर कार्य करना गौरव और राष्ट्रसेवा का अवसर है। एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन के सदस्य सैन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। सैन्य क्षेत्र में उत्पादों की गुणवत्ता, अनुशासन और प्रतिबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और एसोसिएशन इन सभी मानकों पर खरा उतर रहा है। विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। भविष्य में हथियार भी भारतीय होंगे उन्हें चलाने वाले भी स्वदेशी होंगे। एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन के सदस्य भारतीय सेना के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत माता की सेवा कर रहे हैं, यह अत्यंत गर्व की बात है।

# हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए चिंतन करने की आवश्यकता है: प्रभारी मंत्री पटेल

### भिण्ड में जिला योजना समिति की बैठक में दिये निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री एवं भिंड जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार भिण्ड में की गई। विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, विधायक गोहद श्री केशव देसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मंत्री श्री पटेल ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी अभियान है। इससे पानी का भण्डारण कर आम जन मानस को पर्याप्त पेयजल की सुविधा प्रदान की जा सके। अभियान को जन प्रतिनिधियों सहित जन भागीदारी के सहयोग से वृहद रूप से संचालित करें। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोत लगातार सूख रहे हैं, हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल सुगम भविष्य के लिए आज चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा पौध-रोपण के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि पौधे को वृक्ष बनाना भी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से आने वाले बेहतर भविष्य के लिए जल संरक्षण एवं पौध-रोपण का आहवान किया। मंत्री श्री पटेल ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या निदान के लिए जिले में वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को संचालित करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक खेत, तालाब, नदी तालाबों का निर्माण कराया जाये।

मंत्री पटेल ने निर्देश दिए कि ऐसे हैंडपंप जो खराब हो चुके हैं, पेयजल योग्य नहीं हैं, उन्हें हटाकर वर्षा का जल संरक्षण के योग्य बनाया जाए, जिससे जितना जल उस हैंडपंप के माध्यम से निकाल चुके हैं कम से कम उतना जल वर्षा जल के माध्यम से भूमि को वापस किया जा सके।मंत्री श्री पटेल ने क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा कर कहा कि पिछले वर्ष जिले में जिन स्थानों पर पेयजल की समस्या थी और वर्तमान में पेयजल समस्या की क्या स्थिति है। उन्होंने पेयजल संकट के निदान के लिये किए गए प्रयास एवं कार्य योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित कर कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था हर हाल में सुचारू बनायी रखी जाये। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे कि किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या नहीं रहे और ईधर-उधर भटकना नहीं पड़े। मंत्री श्री पटेल ने उपार्जन की समीक्षा के दौरान पिछले वर्ष गेहूं एवं सरसों उपार्जन के लिए बनाए गए केन्द्र एवं इस वर्ष बनाए गए केन्द्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित कर कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति नहीं बने, इसके लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तीसरे एवं चौथे चरण अंतर्गत जिले में वर्तमान में प्रगतिरत सड़कों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आधार सीडिंग की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।



**भोपाल।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा की 28वीं पुण्यतिथी मनाई गई। प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ उनके कार्यों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि पंडित सत्यनारायण सत्तन,पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के वंशज सुधीर सेठिया ओमप्रकाश वर्मा इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, भरत पारीक ,सेलू सेन देवीलाल गुर्जर, मनोहर सिंह तोमर एवंम सेन समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे। संचालन विकास जोशी एवंम आभार प्रकाश व्यास ने माना। उक्त जानकारी विकास जोशी ने दी।

# सारंग ने करोंद में किया मेट्रो निर्माण कार्य का निरीक्षण

**भोपाल।** मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा के करोंद में मेट्रो निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दुकानदारों और रहवासियों की समस्या का समाधान करने के दिए निर्देश। मंत्री सारंग ने कहा, मेट्रो का काम सेंक्शन करवाया था, जिसका कार्य तेज गति से चल रहा है। संपूर्ण नरेला क्षेत्र को हमने मेट्रो से जोड़ दिया है। मेट्रो कार्य के चलते रहवासियों और दुकानदारों को परेशानी आ रही थी, जॉइंट दौरा कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। रहिवासियों के आवागमन में परेशानी ना आए इसके भी निर्देश दिए गए हैं।



अधिकारियों ने आश्वासन दिया है की 4 महीने के अंदर संपूर्ण बैरिकेड्स हट जाएंगे। मेट्रो बनने के बाद इस क्षेत्र की संपूर्ण कनेक्टिविटी भोपाल के साथ सुगम हो जाएगी

हमारी सरकार लगातार विकास के काम कर रही है विकास में तकनीक का उपयोग यह हमारे एजेंडे में है हर क्षेत्र में आईटी के सॉल्यूशंस के माध्यम से पारदर्शी प्रशासन और विकसित क्षेत्र यह हमारी प्राथमिकता है (वक्फ को लेकर हो रहे प्रदर्शन पर मंत्री विश्वास सारंग का बयान) वह लोग प्रदर्शन कर रहे हैं जिनकी दुकान लुट गई आम मुसलमान इस प्रदर्शन में शामिल नहीं है आम मुसलमान को यह समझ में आया है की वक्फ का संशोधित कानून उनके पक्ष में है चंद लोग जो वक्फ की जमीनों पर कब्जा किए हुए थे उनके हितों पर जरूर कुठाराघात हुआ है

# स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू करना प्रस्तावित: खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि स्मार्ट पीडीएस एक मई 2025 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री राजपूत ने पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार भी सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूँ उपार्जन की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र



हितग्राहियों का ई-केवायसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवायें। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल ऐप से भी ई-केवायसी किया जा सकता है। एसीएस श्रीमती शमी ने इस कार्य में लगी टीम ग्राम/मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाये। एसीएस श्रीमती शमी ने गेहूँ उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर बारदाना एवं हम्माल/तुलावटी की समुचित व्यवस्था करें। स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटों की संख्या बढ़ाई जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों द्वारा स्लॉट बुक कर लिया गया है, उनसे उपज विक्रय के लिये सम्पर्क करें। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूँ का ही उपार्जन करें। उपार्जित गेहूँ के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूँ की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# महावीर जयंती - प्रेम करुणा त्याग की भावना से व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रहता है

**योग गुरु महेश अग्रवाल**

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रो? भोपाल के योग गुरू महेश अग्रवाल ने सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि हम सब को भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए यदि ऐसा करते है तो वर्तमान परिस्थितियों से भी पुरे संसार में खुशहाली , शांति ,अच्छा स्वास्थ्य और विकास को शीध्र प्राप्त किया जा सकता है।

योग गुरू अग्रवाल ने इस अवसर पर त्याग एवं अध्यात्म के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि त्याग और दान का महत्व है जो त्याग पूर्वक दान करते है वह राजा के समान वैभव प्राप्त करते है , दान जरुरतमंद व्यक्ति को देना चाहिए। त्याग कैसे करें प्रकृति से सीखना चाहिए, जिस प्रकार सांस ग्रहण करना जितना जरूरी है, उसे छोड़ना भी उतना ही अनिवार्य है। अर्जन और विसर्जन, ग्रहण और त्याग प्रकृति का शाश्वत नियम है। जहां ग्रहण है वहां त्याग अनिवार्य है। पूरी प्रकृति ग्रहण और त्याग का उदाहरण है। बादल समुद्र से जल लेते हैं, संग्रह होता है, लेकिन अपने पास नहीं रखते बल्कि बरसा देते हैं, यही त्याग है। यदि समुद्र बादलों को जल न दे, तो वह नदियों के द्वारा अनंत जल राशि प्राप्त नहीं कर सकता। पेड़, धरती से उसका रस ग्रहण करते हैं। उसे फल के रूप में सबको लौटा भी देते हैं। गाय घास खाती है और दूध बनाकर सबको देती है। प्रकृति का यही संदेश है, यदि तुमने ग्रहण किया है तो उसके साथ त्याग भी करो।

योग गुरु अग्रवाल ने भगवान महावीर के जीवन एवं उनके द्वारा बताये संदेश के बारे में बताया कि आत्मा ही ईश्वर है, भगवान महावीर ने मनुष्य - मनुष्य के बीच भेदभाव की सभी दीवारों को ध्वस्त किया । इस विश्व में न कोई प्राणी बड़ा है और न कोई छोटा उन्होंने गुण-कर्म के आधार पर मनुष्य के महत्व का प्रतिपादन किया।भगवान की दृष्टि समभावी थी - सर्वत्र समता - भाव । वे संपूर्ण विश्व को समभाव से देखने वाले साधक थे, समता का आचरण करने वाले साधक थे। उनका प्रतिमान था - जो व्यक्ति अपने संस्कारों का निर्माण करता है, वही साधना का अधिकारी बनता है। ऐसे ही एक महान व्यक्ति थे भगवान महावीर जिन्होंने भौतिक जीवन की तमाम सुविधाएं होने के बाद भी अपने जीवन में त्याग और ध्यान के जरिए परम शांति को महत्व दिया। एक राजा के घर में पैदा होने के बाद भी महावीर जी ने युवाकाल में अपने घर को त्याग कर वन में जाकर भगवान को पाने का रास्ता चुना। महावीर जी का जन्म बिहार राज्य के वैशाली जिले के समीप हुआ था । चौबीस ?तीर्थंकरों में अंतिम तीर्थंकर महावीर का जन्मदिवस प्रति वर्ष चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। उनका जन्म राजा सिद्दार्थ और रानी त्रिशला के घर में हुआ था । महावीर जब गर्भ में थे तभी कई विद्वानों ने इस बात के संकेत दिए थे कि महावीर राज्य के लिए सुख शांति और वैभव लेकर आएंगे और यह सब बातें महावीर के जन्म के बाद सिद्ध भी हो गईं। वर्धमान महावीर जैसे जैसे ब? उनका ध्यान समाज की परेशानियों और समाज में फैली गरीबी, दुखों के सागर और अन्य चीजों की तरफ ज्यादा खिंचने लगा । जब बडे हुए तो उनका विवाह कलिंग नरेश की कन्या यशोदा किया गया लेकिन 30 वर्ष की उम्र में अपने जेष्ठबंधु की आज्ञा लेकर इन्होंने घर-बार छोड़ दिया और तपस्या करके कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया । महावीर ने पार्श्वनाथ के आरंभ किए तत्वज्ञान को परिमार्जित करके उसे जैन दर्शन का स्थायी आधार प्रदान किया । महावीर ऐसे धार्मिक नेता थे, जिन्होंने राज्य का या किसी बाहरी शक्ति का सहारा लिए बिना, केवल अपनी श्रद्धा के बल पर जैन धर्म की पुन~प्रतिष्ठा की । आधुनिक काल में जैन धर्म की व्यापकता और उसके दर्शन का पूरा श्रेय महावीर को दिया जाता है।महावीर जी ने जो आचार-संहिता बनाई वह है - किसी भी जीवित प्राणी अथवा कीट की हिंसा न करना, किसी भी वस्तु को किसी के दिए बिना स्वीकार न करना, मिथ्या भाषण न करना, आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना, वस्त्रों के अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु का संचय न करना। वर्धमान महावीर जी ने संसार में बढ़ती हिंसक सोच, अमानवीयता को शांत करने के लिए अहिंसा के उपदेश प्रसा?रित किए । उनके ज्ञान बेहद सरल भाषा में थे जो आम जनमानष को आसानी से समझ आ जाते थे।भगवान महावीर ने इस विश्व को एक महान संदेश दिया कि ÷जियो और जीने दो।

### ज्योतिषीय दर्पणः एक दृष्टिपथ

# हंसयोगी भगवान महावीर स्वामी



**पंडित पीएन भट्ट**
अंतरराष्ट्रीय ज्योतिर्विद, अंकशास्त्री एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ
मोबाइलः 09407266609

भगवान महावीर स्वामी की जन्म कुंडली




अहिंसा के अवतार भगवान स्वामी के जन्म के समय निर्मल नभ मंडल में मकर लग्न उदय में थी। मकर लग्न में मंगल और केतु ग्रह अवस्थित हैं। मंगल, गुरु और शनि क्रमशः लग्न में मकर राशि गत सूर्य चतुर्थ भवन में मेष राशि गत, गुरु सप्तम भवन में कर्क राशि गत एवं शनि दसम भवन में तुला राशि गत होकर उच्च राशिगत है।

## रूचक योग

जन्मांक में मंगल उच्च राशि गत होकर रूचक नामक योग बनाता है। ज्योतिष सिद्धान्तानुसार इस योग में जन्म लेने वाले जातक का शरीर अत्यन्त बलिष्ठ और बज्रमयी होता है। ऐसा व्यक्ति अपने सम्यक विचारों तथा सत्कार्यों से विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त करता है। ऐसा जातक सम्राटों का सम्राट तथा प्राणी-मात्र उसकी आज्ञा मानने के लिए सदा तत्पर रहते हैं। रूचक महायोग वाला महापुरुष अपने भक्त और श्रद्धालुओं से चारों ओर से घिरा रहता है। ऐसा जातक प्रलोभन या दबाव में आकर अपने निश्चिय को कभी नहीं बदलता।

सूर्य और बुध के मेष राशि में स्थित होने से लग्न में बैठे हुए मंगल की और भी अधिक विशेषता होती है। मंगल पर गुरु की सप्तम दृष्टि ने जातक के शरीर को सर्वोत्कृष्ट कुल में जन्म लेने का अधिकार प्राप्त कराया।

केतु ग्रह कह रहा है कि मुझमें अकस्मात परिवर्तन लाने का विशिष्ट गुण है तथा मुक्ति दिलाने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस जातक के शरीर को अचानक ही परिवर्तनशील बनाऊंगा एवं समस्त ऐहिक सुखों से वंचित करके एक अनोखे आदर्श पथ पर चलने के लिए जातक के शरीर को बाध्य करूंगा। पुनश्चः केतु ग्रह कह रहा है कि मैं तुच्छ विषय सुखों की ओर ले जाऊंगा। क्योंकि मुझमें उच्च के सूर्य, मंगल एवं गुरु के गुण विद्यमान हैं। गुरु की सत्कृपा से और ग्रहों के योगा योग से भगवान महावीर को यश कीर्ति उपलब्ध हुई जो आज तक न भुलाई जा सकी है और न युग-युगान्तरों तक भुलाई जा सकेगी।

मकर लग्न चर लग्न है। पृथ्वी तत्व है अतएव भगवान महावीर स्वामी ने अपना निवास स्थान स्थिर रूप से एक जगह नहीं किया। भूमि पर ही शयन किया। चतुर्थ भवन में सूर्य मेष राशि में उच्च राशि गत हैं। सूर्य आत्म कारक हैं, सूर्य प्रखर ज्योति स्वरूप हैं, सूर्य पिता कारक हैं। सूर्य अश्व का स्वामी है। नभ मंडल में सूर्य के समक्ष समस्त ग्रह विलीन हो जाते हैं। चतुर्थ स्थान से माता का, जनता का, स्वयं के सुख का तथा बूमि पर विचार किया जाता है। सूर्य के साथ बुध का योग है। बुध छठवें एवं नवम भवन का स्वामी है एवं सूर्य अष्टम भवन का स्वामी होने से जातक की कुंडली में अष्टेश एवं नवमेश का योग होने से राजभंग योग बनता है। सुख स्थान में मातृ-भूमि, वाहन (रथ, हाथी, घोड़े) एवं अन्य सभी सुखों से वंचित कराने का विचार सूर्य ने किया। आत्मा ने बुध को याज्ञिक कर्म (आत्म साधन) में प्रवृत्त किया। साथ बुध वाणी का कर्ता होने से वाणी एवं बुद्धिबल द्वारा जन साधारण से सम्पर्क स्थापित कर जातक के मन में याज्ञिक कर्म करने की भावनाएं जागृत कीं।

चतुर्थ भवन में पदस्थ उच्च राशिगत सूर्य कह रहा है कि मैं सब सुखों को तप के तेज से अग्नि में जलाकर भस्म कर दूंगा। बुध कह रहा है कि मैं जातक को भाग्य पर भरोसा न करने वाला कर्म शूर बना दूंगा, क्योंकि मुझ पर और सूर्य पर शनि और मंगल की पूर्ण दृष्टि, साथ ही मंगल और केतु केन्द्रस्थ हैं। यदि इनकी दृष्टि न होती तो मैं जातक को सांसारिक सुखों का आनंद ही आनंद दिलाता। इस परिस्थिति में मैं चाहता हूं कि भगवान महावीर स्वामी की आत्मा परम-धाम (मोक्ष) में पहुंचकर आवागमन के बंधन से मुक्त हो जाये।



## दयार्द्र आत्मा

भगवान महावीर स्वामी के समय हिंसा का अधिकाधिक बोलवाला था। यज्ञ में जीवित अश्वादिकों की आहुति दी जाती थीं। तत्कालीन हिंसात्मक असत् धर्म की प्रवृत्ति का अवलोकन, जीवित प्राणियों का हवन कुण्ड की प्रज्ज्वलित अग्नि में भस्म होते देखकर भगवान महावीर स्वामी की दयार्द्र आत्मा हाहाकार कर उठी और अत्यन्त द्रवीभूत होकर अपने समस्त ऐहिक सुखों का परित्याग कर प्राणी मात्र को आकुलता रहित सच्चा सुख प्राप्त कराने का उन्होंने दृढ़ संकल्प किया। यह सत्कार्य भी उच्च राशि गत सूर्य ने ही किया।

पंचम भवन (क्रीड़ा भवन) में पदस्थ स्वराशिगत शुक्र कह रहा है कि मुढ में आठ ग्रहों का बल है। मकर लग्न होने से मैं केन्द्र एवं त्रिकोण का स्वामी होता हुआ विशेषाधिकार को प्राप्त हूं। अतः मैं इस जातक को यंत्र, मंत्र, तंत्र तथा उच्च कोटि की ऋद्धि-सिद्धियां प्राप्त कराने में समर्थ हूं। मैं जातक (भगवान महावीर स्वामी) को ऐसी अलौकिक विद्या से विभूषित करूंगा, जो जन-जन को सदैव आकर्षित करती रहे और इन गुणों की पूजा एवं अर्चना होती रहे।

## हंस योग

भगवान महावीर स्वामी को यंत्र-मंत्र संबंधी उच्च कोटि की विद्याएं, विशिष्ट बुद्धिमत्ता, महाज्ञानी, सर्वज्ञ होने का जन्म सिद्ध अधिकार प्राप्त हुआ। अपने जीवन काल में उन्होंने ऐसे-ऐसे चमत्कार दिखाए, जिससे प्राणी मात्र को उनके समक्ष नतमस्तक होना पड़ा। सप्तम भवन में गुरु उच्च राशि (कर्क) गत है, और राहु भी कर्क राशि में विद्यमान है। गुरु उच्च राशि का केन्द्र में होने से हंस नामक योग बनता है। हंसयोग वाला जातक अत्यन्त सुन्दर, रक्तिम आभायुक्त, मुखाकृति, ऊंची नासिका, प्रफुल्लित कमलोचन, सुन्दर चरण युगल, विशाल वक्ष स्थल वाला होता है। गुरु विद्या, संतान, धन एवं भाग्य का विधायक है एवं प्रशस्त पथ प्रदर्शक होता है। राहु एवं गुरु की पूर्ण दृष्टि तन स्थान में होने से भगवान महावीर का शरीर बज्र के समान मजबूत और अत्यन्त पुष्ट था।

राहु और गुरु कह रहे हैं कि हम सप्तम भवन में स्थित होने से पृथकोत्पादक कारण बनाना हमारा स्वभाव हो गया है। अतएव हम स्त्री सुख से जातक को पृथक रखेंगे और हम पर शनि की दसवीं दृष्टि है अतः राज्य भवन में पदस्थ उच्च राशि गत शनि के माध्यम से जातक के पिता के राज्य वैभव से मुक्त कराकर वन खण्डों की पद यात्रा कराएंगे। किन्तु सूर्य बुध का हम पर केन्द्रीय शासन होने से जातक वन खण्डों और निर्जन स्थानों में वास करते हुए भी केवल ज्ञान कराने की हमारी प्रतिज्ञाएं हैं।

नवम भवन में कन्या राशि में चन्द्रमा पदस्थ है। नवम भाव धर्म और भाग्य का स्थान है। अतः विद्या से परमोत्कृष्ट विद्या की ओर बढने का और सम्पूर्ण कलाओं से बाग्य स्थान में स्थित होकर भाग्योन्नति करने का संकेत दे रहा है। चन्द्र, मन का स्वामी है। चतुर्थ स्थान का कर्ता है। ऐसे चन्द्र को राहु, गुरु ने अपनी भावनाएं समर्पित करके मन में त्याग और पृथकता, एकान्तवास, धर्म के मर्म की सच्ची खोज करने के लिए दृढ़ निश्चयी बना दिया। चन्द्र ने कन्या राशि में बैठकर बुध को समस्त गुण प्रदान कर दिये और बुध ने सूर्य से योग बनाया। अतः उस अमृत का स्वाद आत्मा को आया और उस अमृत को पान करने के उपरान्त सभी सांसारिक सुख, चमचमाती समस्त संपदाएं हेय प्रतीत हुईं और संसार के समस्त सुखों का वियोग कराके मुक्ति बधू से नाता जुड़वा दिया।

## मुक्ति मार्ग

ध्यान रहे, केतु की नवम दृष्टि चन्द्र पर है। केतु की इच्छा के विपरीत मुक्ति मार्ग मिलना असंभव ही है। दसवें भवन में शनि अपनी उच्च राशि तुला में स्थित है। शनि उच्च राशि गत केन्द्रस्थ होने से शशक योग बनाता है। शशक योग में जन्म लेने वाला जातक सौम्य-मुद्राधारी एवं दिग्दिगंत में भारी प्रशंसा का पात्र होता है। शनि का प्रबाव नभ मंडल में सर्वोपरि है। दसम भवन से पिता तथा निज कर्मों का विचार किया जाता है। अतः शनि कह रहा है कि दसम भवन में उच्च राशि के अंतर्गत होकर उच्च कोटि के कर्म कराने की क्षमता एवं अधिकार सुरक्षित रखता हूं। अतएव उच्च कर्म कराकर ऐसे पद पर पदारूढ़ कराऊंगा, जहां पर पहुंचने का स्वप्न में भी विचार नहीं आया हो।

मुझमें शुक्र को छोड़कर समस्त ग्रहों की भावनाएं विद्यमान हैं और उसमें बी दो ग्रहों की भावनाएं मुख्य हैं। मुझमें मंगल और केतु के गुण होने से परम सुख और मोक्ष में ले जाने हेतु पुरुषार्थ कराने का अधिकार प्राप्त है। सूर्य आत्मा है और मैं शरीर का स्वामी हूं और दूसरे भवन का लक्ष्मीपति हूं। सूर्य आत्मेश है। इस कारण से काया क्लेश पूर्वक भी आत्मा को परमात्मा बनाने का निर्वाण पद पर पहुंचाने का तथा अपने (जातक) कुटुम्ब को त्याग कराने का सम्पूर्ण अधिकार मुझे प्राप्त है। मैं दुःख का कारण हूं। मेरा नाम सुनकर बड़े-बड़े योद्धाओं एवं शूरमाओं के पराक्रम नष्ट हो जाते हैं। परन्तु जिस जातक पर मेरी कृपा दृष्टि हो जाती है, उसकी कीर्ति भी अजर-अमर हो जाती है।

शनि कह रहा है, मैं अपने समस्त गुण शुक्र को दे रहा हूं, क्योंकि मैं वृद्ध हीं, मेरी गति मंद है। मैं अपने मित्र शुक्र को आज्ञा देता हूं, कि तुम भौतिक सुखों का त्याग करके तप त्याग पूर्वक ऐसी ऋद्धि-सिद्धियां प्राप्त कराना, जिससे तीनों लोकों में भगवान महावीर स्वामी का नाम प्रख्यात रहे तथा हमेशा उनकी पूजा एवं अर्चना, उपासना होती रहे।

आज भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव है। आप सभी से अनुरोध है कि भगवान महावीर स्वामी के बतलाए हुए सन्मार्ग पर चलकर उनके अगणित असंख्य अनुयायी भक्तजन और श्रद्धालुजन उनका बारम्बार स्मरण करें।

### (महावीर जयंती पर विशेष)

# भगवान महावीर के सिद्धांत....आज भी प्रासंगिक है

**सुबोध मलैया**



भगवान महावीर जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे, एक कालजयी व्यक्तित्व, जिनके सिद्धान्त व साधना किसी भी काल के थपेड़े में निष्प्रभावी नहीं होते वह सदा एक जैसे रहते हैं। महापुरूष विश्व की महान विभूति होते हैं जो मानव मात्र के कल्याण के लिए अपने जीवन को अर्पित कर देते हैं, उनके समर्पण की भावना उन्हें महापुरूषों की श्रेणी में स्थापित कर देती है। तीर्थंकर किसी देवी-देवता के अवतार नहीं, वे तो सामान्य पुरूष ही होते हैं वे न किसी को शाप देते हैं न आशीर्वाद। यह उनकी सदेह वीतराग अवसरा की संस्कृति है। 21 वीं सदी के इस युग में भगवान महावीर के सिद्धांत, मानव जीवन के कल्याण का समाधान प्रस्तुत करती है। मानवीय जीवन मूल्यों, संस्कृति, धर्म-दर्शन उनके सिद्धांत देश काल की विसंगतियों और मानव संवेदनाओं का आख्यान हैं। भगवान् महावीर की साधना न केवल इस जीवन में संपूर्ण ज्ञान रूपी दीपक की लौ जगाने में सक्षम हैं अपितु जन्म-जन्मान्तरों के लिए साधन पथ का पाथेय हैं। अहिंसा, अनेकान्त और अपरिग्रह विचार धाराओं पर जैन धर्म विश्व में व्याप्त है। भगवान् महावीर ने जैन धर्म को पुनः प्रस्थापित कर धर्म का प्रचार किया। भगवान् महावीर के उपदेश आज भी उतने ही सार्थक और महत्वपूर्ण हैं। ई। स। पूर्व 599 में राजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला के शाही राज महलों में भगवान् महावीर का जन्म चैत्र शुक्ल त्रयोदयी के दिन हुआ था। महावीर क्षत्रिय राजकुमार, भावी तीर्थंकर थे। महावीर ने राज परिवार में रहकर सामाजिक व्यवस्था को करीब से देखा, परखा तभी वह महान बने। राजमहल का समग्र वातावरण महावीर के लिए चिन्तन का विषय था। महावीर ने ब्राह्मणवाद के यज्ञ याग को भी देखा, यज्ञ में धर्म के नाम पर पशुओं की बलि दी जाती थी। पंडितों द्वारा भी धर्म के नाम पर हिंसा, वेद मंत्रों द्वारा पशु बलि चढ़ाये जाने की परम्परा का विरोध कर अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया। आर्थिक विषमता का अभिशाप उस युग में भी अधिकांश जन के लिए त्रास का कारण बना हुआ था। भष्ट धर्माधिकारी गण जन सामान्य के साथ मनमानी करते थे। धर्म के नाम पर प्रचलित कर्म काण्ड इसका प्रमुख कारण था। सम्पन्न वर्ग, निम्न वर्ग के साथ दास-दासियों का व्यवहार करते, पशुओं की भांति दास-दासियों का क्रय-विक्रय होता, महावीर ने नारियों की मंडियां लगती देखी, दासों की मंडियां उस समय के सभ्य समाज का हिस्सा बन गयी, स्त्रियों को किसी स्तर पर धर्म का अधिकारी नहीं समझा जाता था। जैन धर्म का प्राचीन रूप बिलकुल बिखर चुका था। भगवान् महावीर के तीन प्रमुख सिद्धांत, अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्त, इन्हें अपने जीवन में व्यवहारिक दृष्टि से अपनाना चाहिए। अहिंसा और अपरिग्रह जीवन के आचरण को पवित्र बनाने की शैली है। आधुनिक युग में व्यवसनों का बढ़ता चलन, फैशन के दौर में महिलाओं की शालीनता, सादा जीवन उच्च विचार सिर्फकहने और सुनने तक ही सीमित रह गया है। समाज, राष्ट्र और वैश्विक स्तर पर विकास की संभावनाएं अब अतीत की बातें हो गई हैं। दार्शनिक साधकों, विचारकों के अपने-अपने दृष्टिकोण हैं उस में से कोई भी पूर्ण नहीं हैं वे न तो पूर्ण सत्य हैं न ही असत्य सभी में सत्यांश निहित है प्रत्येक कथन में निक्षिप्त सत्यांश को ग्रहण करने का हमारा प्रयत्न होना चाहिए, न कि एक-दूसरे को मिथ्या कहकर केवल विवाद करना, इसी विचार धारा को अनेकांत दर्शन कहा गया है। नित्य नई वैज्ञानिक तकनीक, धार्मिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक खोज-शोध के इस अभिनव युग में सापेक्ष कथन अर्थात् समन्वयात्मक दृष्टिकोण अत्यन्त आवश्यक है। धर्म-सहिष्णुता, सभी धर्मों के प्रति आदर भाव, धर्म के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है अन्यथा धर्म/सम्प्रदाय के नाम से विश्व समुदाय को धर्मान्धिता, मतान्धता के फ्लस्वरूप बढ़ती हुई हिंसा का कारण ही होगा। भगवान् महावीर के काल में भी धार्मिक, दार्शनिक विचारों में संघर्ष था। सभी सम्प्रदाय अपने-अपने धर्म और परम्पराओं को श्रेष्ठ और पूर्ण सत्य का प्रतिपादक कहते थे। महावीर ने इन सभी को भिन्न दृष्टि से देखा, समझा, यही था अनेकान्तवाद। जैन परम्परा में तीर्थंकरों को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है। इस अर्ध काल चक्र में आज तक चौबीस तीर्थंकरों ने जन्म लिया, चौबीसवें तीर्थंकर भगवान् महावीर ने अति प्राचीन जैन धर्म को नव संजीवनी देकर सुदृढ़ करने का कार्य किया। वैदिक और श्रमण विचार धारायें प्राचीन काल से चली आ रही हैं। श्रमण विचार धारा के अन्तर्गत् जैनों के योगदान को विद्वतजनों ने भी स्वीकार किया है। तीर्थंकरों, ऋषियों और मुनियों ने धर्माचरणों के रूप में धर्म के जिन घटकों का विधान किया, भगवान् महावीर ने अहिंसा को प्रथम धर्म बनाया है। अत्यन्त प्राचीन काल से ही तीर्थंकरों की लम्बी परम्परा चली आ रही, ऋषभदेव इस परम्परा के प्रथम तीर्थंकर माने जाते हैं। धर्म विशेष की सार्थकता समाज के नेतृत्व में निहित है जैन धर्म, विश्व धर्मों के इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ हैं। जैन धर्म ने मानव समाज को निरन्तर ऐतिहासिक और पारलौकिक सुखों का मार्ग दिखाया एवं उसे सुमार्गगामी होने की प्रेरणा दी है। जैन धर्म अनादि और अनन्त है। धर्म का कोई आदि नहीं और न कोई अन्त है जैन धर्म पंच परमेष्ठियों को अपना उपास्य मानता है। पंच परमेष्ठियों के अन्तर्गत् अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओं की गणना होती है ये परमेष्ठी भूतकाल में भी हुए, वर्तमान में भी विद्यमान हैं और भविष्य काल में भी होंगे। श्रमण संस्कृति में आत्मा की चरम शुद्ध दशा का नाम ही ईश्वर है, परमात्मा है, इसके अतिरिक्त और कोई अनादि सिद्ध ईश्वर नहीं हैं। अनादि अनंत जैन धर्म में मुनि बनकर मोक्ष प्राप्त करने की साधना का पथ-अद्भुत साहसिक, कठोरतम मानव मात्र के लिए दुर्लभ, त्याग, तपस्या से भरा हुआ है। भगवान् महावीर ने प्रत्येक आत्मा को परमात्मा बनने की उद्घोषणा की है, लेकिन परमात्मा पद तक पहुंचने के लिए कठोर साधना की सीढ़ियां चढ़ने होती हैं। महावीर की बारह वर्ष की अटूट तपस्या, परम साधना का उच्चतम आदर्श उपादित करती हैं। इसमें संदेह नहीं कि आत्म साधना का उच्चतम अनुकरणीय आदर्श उपस्थित करके भगवान् महावीर ने श्रमण संस्कृति के परिष्कार की प्रक्रिया को चरम सीमा तक पहुंचा दिया और उनकी उत्कृष्ट जितेन्द्रियता अथवा अपरिग्रह की परम साधना के ही कारण धर्म के लिए जैन धर्म का व्यवहार प्रारंभ हुआ। ऐतिहासिक सच्चाई और वास्तविक स्थिति यह है कि परिष्कार की यह प्रक्रिया जैन धर्म में भगवान् महावीर के बाद भी निरन्तर रही है और उससे जैन धर्म का जो निखार होता रहा उसी के कारण वह दूसरों के घोर विरोध में भी टिका रहा। जैन धर्म का रूप व्यवहारिक दृष्टि से निरन्तर साधना प्रधान बना रहा है चौबीस तीर्थंकरों द्वारा प्रश्रय प्राप्त उत्क्रान्ति मूलक परम्परा जैन धर्म में निरन्तर बनी रही और वह उसका निखार का परिष्कार करती रही। जैन धर्म का वर्तमान रूप मानव जीवन में युगों तक किये गये सांस्कृतिक प्रयोगों का सार अथवा निचोड़ हैं, उसको बिना किसी संकोच के परिवर्द्धनशील और परिवर्तनशील भी कहा जा सकता है। यह एक मत से स्वीकार किया गया है कि जिस धर्म को भगवान् महावीर के काल में जैन नाम दिया गया, वह उनसे पूर्व भी विद्यमान था और उसको अन्य नामों से पुकारा जाता था, भगवान् नेमिनाथ और पार्श्वनाथ के काल में उसको निर्ग्रन्थ नाम से पुकारा जाता था, उनके काल में निर्ग्रन्थ धर्म में अहिंसा के साथ-साथ तप और त्याग की भावना को अपरिहार्य महत्व प्राप्त हुआ। आन्तरिक वृत्तियों पर विजय पाने की आध्यात्मिक भावना प्रबल हुई। भगवान् महावीर ने इस आध्यात्मिक भावना को जीवन की साधना का प्रमुख अंग बना दिया और मानव की आन्तरिक प्रवृत्तियों पर पूर्ण विजय प्राप्त करने के आदर्श को मूर्त रूप दे दिया। जैन धर्म का साम्यभाव या समाजवाद केवल मानव कल्याण तक ही सीमित नहीं है, प्राणीमात्र उसकी परिधि में समा जाते हैं। व्यावहारिक रूप से जैन धर्म की क्षमता असीम है जैन दर्शन में आचार और विचार में एक रूपता होने से उसका आचारात्मक पक्ष उतना ही श्रेष्ठ है जितना कि उसका दार्शनिक पक्ष, दार्शनिक जगत में अनेकान्त और स्याद्वाद सिद्धांत मान्य हैं वैसे ही आचार क्षेत्र में अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांत भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। तात्कालिक विचार धारा और यथार्थता के प्रकाश से आध्यात्मिक पथ को आलोकित कर समन्वयवादी आचार में क्रान्तिकारी एवं जीवन दर्शन में क्रान्तिदर्शी थे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail—com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakashĐin

## महावीर जयंती पर नगर में निकली श्री जी की शोभा यात्रा।



औबेदुल्लागंज (संवाददाता) - सत्य, अहिंसा, करुणा, दया के उपासक तथा जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई महावीर जयंती के उपलक्ष में आज नगर के श्री महावीर मार्ग स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई बस स्टैंड स्थित संयम कीर्ति स्तंभ तक गई एवं उसके बाद मुख्य मार्ग से होते हुए नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुची जहां छोटे मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया एवं श्री जी की आरती की गई। इस शोभायात्रा का समापन महावीर मार्ग स्टेशन रोड स्तिथ जैन मंदिर में किया गया। इस अवसर पर श्री जी के नगर भृमण के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना शन्तिधारा आदी क्रियाये पंडित लक्ष्मी चंद जैन ने कराई। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष राजीव जैन, मुकेश जैन (इंजीनियर), लक्ष्मी चंद जैन, अरुण जैन, तरुण जैन, चंद्रभान जैन, आशीष जैन अविनाश जैन (टोनी) अखिल जैन, वैभव जैन, प्रकाश जैन, अंशुल जैन, माताएं बहने छोटे-छोटे बच्चे नृत्य करते हुए चल रहे थे सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, नगर के व्यापारी बंधु ने भगवान महावीर जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष राजीव जैन भगवान महावीर स्वामी जी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दे रहे थे इस अवसर पर ब?ी संख्या में समाज के लोग उपस्तिथ थे।

## नहरों की मरम्मत की मांग, मंत्री ने दिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश



सांध्य प्रकाश-इटारसी. मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट ने मंगलवार को ग्राम पंचायत तीखड में झाड़बीडा उद्वहन सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 4 पंपों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के सह मीडिया प्रभारी राजा तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत की मांग की। ग्रामीणों ने मंत्री सिलावट का 51 किलो की माला पहनाकर, नर्मदा चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री से कहा कि पथरौटा से हरदा जाने वाली मुख्य नहर में कई जगह सीमेंटेड दीवार ढह गई है। जिसकी मरम्मत की दरकार है। इसके बाद मंत्री ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना को निर्देश दिए कि जितनी भी कच्ची नहरें है उन्हें पक्की एवं दुरस्त करने का प्रस्ताव भिजवाएं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, शेखर महंत, बलराम तिवारी, मदन पटेल, सुदन पटेल, आनंद उटवार, मुन्ना पाल, लखन सोनी, जगदीश प्रसाद पटेल, रमेश पटेल, संजीव साध, बसंत सराठे, दीपू पटोदिया, धर्मेंद्र राठौर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सहकारी समिति मर्यादित दीपना खे?ा के सहायक शाखा प्रबंधक को न्यायलय सिरोंज द्वारा थाना दीपनाखे?ा के अपराध में भेजा जेल

**,सिरोंज।**, थाना दीपनाखे?ा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला सहकारी समिति सिरोंज द्वारा यह प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गयीं के प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित दीपनाखे?ा के समिति सहायक प्रबंधक हिम्मत सिंह रघुवंशी निवासी घटवार ने किसानों को खाद एवं यूरिया परमिट कर विक्रय कर दिया परन्तु किसानों द्वारा प्राप्त भुगतान लगभग 40 लाख रूपये किसानों के खाते के माध्यम से जिला सहकारी समिति शाखा सिरोंज में जमा नहीं किया और अनियमितताये कर पैसे अपने पास रख लिये, उक्त अपराध में आरोपी हिम्मत सिंह रघुवंशी ने प्रथम अपर सत्र न्यायलय से अग्रिम ?मानत लेने का प्रयास भी किया परन्तु न्यायलय द्वारा उसका आवेदन निरस्त करदिया गया, एवं मंगलवार को पुलिस दीपनाखे?ा द्वारा उसे गिरफ्तार कर जे. एम एफ सी न्यायलय सिरोंज में पेश किया गया उसकी और से नियमित जमानत आवेदन भी प्रस्तुत किया गया परंतु न्यायलय द्वारा आवेदन निरस्त कर उसे उपजेल लटेरी भेज दिया गया

# संगठन के सहयोग से डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**सांध्य प्रकाश-इटारसी**, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दंडाधिकारी टी. प्रतीक राव ने को योगी संगठन के सहयोग से सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए निःशुल्क कोडिंग शिक्षा पहल की शुरुआत की।



इस पहल का उद्देश्य उन छात्रों को कोडिंग के आवश्यक कौशल प्रदान करना है जो तकनीकी संसाधनों से वंचित हैं। कोडयोगी की तकनीकी टीम के नेतृत्व में यह कार्यक्रम छात्रों को प्रोग्रामिंग की मूल बातें और व्यावहारिक प्रशिक्षण देता है, जिससे वह कम उम्र में ही तकनीक की दुनिया से जुड़ सकें और भविष्य की संभावनाओं के लिए खुद को तैयार कर सकें। कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता यह है कि छात्र अब अपने मोबाइल फोन पर भी कोडिंग सीख सकेंगे, वह भी हिंदी भाषा में, इससे यह सुनिश्चित होता है कि तकनीकी ज्ञान भाषा की बाधा में न उलझे और अधिक से अधिक छात्र अपनी मातृभाषा में सहजता से सीख सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक इटारसी उपमंडल से 1,400 से अधिक छात्रों ने इसमें भाग ले चुके है। यह भारी भागीदारी दर्शाती है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों में भी तकनीकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि और उत्साह है।

यह कार्यक्रम एसडीएम टी. प्रतीक राव की दूरदर्शी सोच और समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने सदैव ग्रामीण शिक्षा और आधुनिक कौशल विकास के बीच की दूरी को पाटने के प्रयास किए हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी, संसाधनों की व्यवस्था और साझेदारों को एक मंच पर लाने में निभाई गई भूमिका ने इस पहल को सफल बनाने में अहम योगदान दिया है। एसडीएम श्री राव ने इस अवसर पर कहा-हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर छात्र को समान अवसर मिले, चाहे वह किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आता हो। कोडयोगी और हमारे स्थानीय भागीदार रुय.त ग्रुप के सहयोग से हम छात्रों के लिए एक उज्ज्वल और तकनीक-समर्थ भविष्य के द्वार खोल रहे हैं। हमारा मानना है कि डिजिटल साक्षरता आज के समय में विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक बुनियादी अधिकार है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। यह पहल केवल शुरुआत है। हम इसका विस्तार करते हुए एक ऐसा युवा वर्ग तैयार करना चाहते हैं जो डिजिटल रूप से सशक्त और भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार हो।

कार्यक्रम में राकेश सहगल, सह-संस्थापक ,को?योगी, ने कहा को?योगी का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग की मांगों के बीच की दूरी को पाटना है। हम मानते हैं कि प्रतिभा हर कोने में है उसे केवल सही दिशा और उपकरणों की ज़रूरत है। इस पहल के माध्यम से हम छात्रों को केवल कोडर नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी और समस्या-समाधान में दक्ष भविष्य के लीडर के रूप में विकसित करना चाहते हैं। ललित जैसी सफलता यह साबित करती है कि यदि अवसर दिया जाए, तो ये छात्र कहीं भी पहुंच सकते हैं।

यह पहल सार्वजनिक-निजी भागीदारी और सामुदायिक सहयोग की शक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित करती है,और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करती है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव के कुए, बावड़ी और जल स्रोतों पर की सफाई एवं पूजा अर्चना



सिरोंज- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्र के आदर्श ग्राम बरेज में जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति एवं जन जागरण ग्राम विकास समिति थनरपुर के तत्वाधान में स्कूली विद्यार्थियों के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जहां पर जल संरक्षण के नारे लगाए गए, इसके अलावा गांव के प्राचीन कुआ, बावड़ी आदि जल स्त्रोतों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही पूजा अर्चना कर ग्रामीणों को जागरुक कर ग्राम चौपाल लगाई गई। क्योंकि शासन ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। जिसका उद्देश्य है जल संरक्षण पर काम हो सके और लोगों को जल के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम चौपाल के दौरान संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर ब?ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जाना चाहिए। जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब थोड़ी सी खुदाई पर जमीन से पानी निकल आता था आज सैकड़ो फीट नीचे तक खुदाई के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि हम बारिश का जल संरक्षित नहीं कर रहे हैं। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। शासन के निर्देशानुसार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान आज से चलाया जा रहा है जो 30 जून तक चलाया जाएगा।

## दमोह पुलिस द्वारा 02 वर्ष से बिछड़े नाबालिग बच्चे को गुवाहाटी असम से रेस्क्यू कर उसके माता-पिता से मिलाया



दमोह विजय चक्रवर्ती पिता खुबई चक्रवर्ती उम्र 42 साल निवासी ग्राम भूरी थाना दमोह देहात द्वारा दिनांक 07.07.24 को चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात में पत्नी रामरति चक्रवर्ती अपने नाबालिग बच्चा उम्र 06 साल के गुमने की रिपोर्ट लेख कराई गयी थी, जांच के दौरान दिनांक 22.09.24 को प्रार्थी की गुमशुदा पत्नी को दस्तयाव किया गया। दस्तयावी के बाद पता चला कि उसका बच्चा उम्र 06 वर्ष गुवाहाटी के किसी आश्रम में है, जिसे लेने प्रार्थी विजय चक्रवर्ती एवं गुमशुदा रामरति चकवर्ती, ग्राम कोटवार बिजौरी के साथ दिसम्बर 2024 में गुवाहाटी अपने बच्चे को लेने गये थे, परंतु गुवाहाटी आश्रम में बच्चा होने के बावजूद भी बच्चा नहीं दिया था। जिसके संबंध में आवेदक विजय चकवर्ती द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई। आवेदक विजय चक्रवर्ती के नाबालिक बच्चे उम्र करीबन 06 वर्ष को रेस्क्यू करने एवं शिकायत पत्र की जांच हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति. पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना दमोह देहात से सउनि अभय सिंह तथा प्र.आर. 78 सचिन नामदेव को बच्चे के माता-पिता के साथ गुवाहाटी असम रवाना किया गया। दमोह पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.04.25 को गुवाहाटी के नूनमति थाना पुलिस को साथ लेकर लेरेला खूड़ी मेमोरियल होम शांतिनगर गोवाहाटी आश्रम पहुंचकर आश्रम लेरेला होम्स शांतिनंगर गुवाहाटी पहुंचे तथा अध्यक्ष प्रेमलता सैक्या से बच्चे के संबध में पूछा तो उसने स्पष्ट रूप से इंकार किया कि कोई बच्चा नहीं है। जिसके बाद यह जानकारी उक्त स्कूल डॉ. महेश्वर के हेड मास्टर को बताई तथा उक्त बच्चे के संबंध में सी.डब्ल्यू.सी. के अध्यक्ष से संपर्क कर पूरी जानकारी दी गयी। कई बार अनुरोध के बाद बच्चा पुलिस को नहीं सौंपा गया। बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों के अनुरोध पर भी बच्चा नहीं सोंपा गया, लगातार गुमराह किया गया। कई बार बहस के बाद आश्रम की अध्यक्ष प्रेमलता का लड़का घर से बाहर आया और पुलिस कर्मिया के साथ दुर्व्यवहार करते हुये झूमा झपटी करने लगा। बाद में पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत और परिश्रम के पश्चात बच्चे को दस्तयाव किया गया। उक्त आश्रम की अध्यक्षा प्रेमलता सैक्या द्वारा बच्चे का नाम बदल कर स्वयं को गार्जियन बता कर स्कूल में एडमीशन कराया गया था।

प्रकरण में लेरेला मेमोरियल होम गुवाहाटी की अध्यक्ष प्रेमलता सैक्या तथा उसके लड़के के विरूद्ध थाना नूनमति जिला गुवाहाटी सेन्ट्रल में अपराध क. 68/25 धारा 296, 132, 137(2), 351(2), 238, 3 (5) बीएनएस (अपहरण, शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया बच्चे को टीम परिजनों सहित दमोह लेकर आयी। नाबालिग बालक को रेस्क्यू किये जाने पर सउनि अभय सिंह एवं प्र.आर. 78 सचिन नामदेव चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात की प्रमुख भूमिका रही।

## हरे-भरे पेड़ चढ़े स्कूल प्रबंधन की निर्दयता की भेंट, महापौर ने प्राचार्य को फटकारा!



रतलाम। देशभर में भीषण गर्मी का प्रकोप हैं और रतलाम का पारा प्रदेश में अव्वल हैं। इसके साथ ही देश में 10वें स्थान पर रतलाम का नाम दर्ज किया गया हैं एक और हम और हम सब पेड़ों को बचाने को लेकर बातें करते हैं और दुसरी और इन पेड़ों के दुश्मन अपने स्वार्थ की खातिर हरे-भरे पेड़ों को काट रहें हैं। गुरुवार की सुबह शहर के कालिका माता क्षेत्र में स्थित कान्वेंट स्कूल के बाहर लगे पेड़ों को स्कूल प्रबंधन ने मनमाने तरीके से कटवा डाला।

इसकी सूचना जब महापौर प्रहलाद पटेल को मिली तब वह मौके पर पहुंचे और प्राचार्य को फटकारते हुए संबंधित को पंचनामा बनाने और पुलिस अधिकारी को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

बता दें कि स्कूल प्रबंधन द्वारा जीर्ण-शीर्ण हो गए पेड़ों को काटने की नगर निगम से परमिशन ली गई थी और उसकी आड़ में फायदा उठाते हुए हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलवा डाली। महापौर द्वारा स्कूल प्रींसीपल को फटकारने से और एफआईआर दर्ज करने के अलावा निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई होगी तो इस तरह की घटनाओं पर विराम लगेगा। इसी बीच हरे वृक्ष की कटाई को लेकर एबीवीपी द्वारा कॉन्वेंट स्कूल के सामने की सड़क पर चक्का जाम किया गया।

बता दें कि इससे पहले कुछ दिनों पूर्व भी शहर के एक निजी विद्यालय में पेड़ों की बलि दी जा रही थी तब इस मामले को मीडियावाला द्वारा कलेक्टर राजेश बाथम को सूचित किया गया था और कार्रवाई हुई थी।

## फीस जमा नहीं होने के कारण किसी भी बच्चों को पढ़ाई से वंचित न किया जाए- कलेक्टर

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)**- कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले के अशासकीय विद्यालयों के संचालकों तथा प्राचार्यो और विकासखण्ड स्तरीय विभागीय अधिकारी की बैठक डाइट रायसेन में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीपीसी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में फीस वृद्धि, निजी प्रकाशकों की महंगी पाठ्य पुस्तकें और गणवेश सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री स्कूलों द्वारा चिन्हित प्रतिष्ठानों पर ही उपलब्ध होने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गईं।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर विश्वकर्मा ने अशासकीय विद्यालयों के संचालकों तथा प्राचार्यो से उनकी समस्याएं या कठिनाईयां जानी। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल जिस बोर्ड से मान्यता प्राप्त है, उस बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार ही पुस्तकें प?ाई जाएं। निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें नहीं प?ाई जाएं और महंगी पुस्तकें लेने के लिए माता-पिता या अभिभावकों पर दबाव नहीं बनाया जाए। इसके अतिरिक्त कई निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्मार्ट क्लॉस के नाम पर अतिरिक्त फीस की वसूली किए जाने की जानकारी संज्ञान में आई है, इस पर भी तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने बच्चों के स्कूल बैग का बोझ करने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार बच्चों की यूनिफार्म इस प्रकार तय की जाए कि 03 साल तक उसे बदलना न प?। निजी स्कूल बच्चों व उनको पालकों पर पुस्तक, कापिया, यूनिफार्म किसी दुकान विशेष से ही क्रय करने के लिए दबाव न बनाएं। उन्होंने निजी स्कूलों के संचालकों तथा प्राचार्यो से कहा कि फीस जमा नहीं होने के कारण किसी बच्चे को प?ाई से वंचित ना किया जाए।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

पत्र कमांक / रा.शा.वि./न.पा.इ/2025 इटारसी दिनांक /09/2025

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से न्यास बाजार लक्कड़गंज/ प्रियदर्शनीय नगर की दुकान नं. सी-ब्लाक-3 में जो कि श्रीमति किरण तिवारी पति स्व. श्री अरुण तिवारी के नाम नगर पालिका अभिलेख में दर्ज है। दुकान की किरायेदारी का नवीनीकरण कराना चाहते है। उक्त दुकान का नवीनीकरण होने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

यदि 15 दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**

**यांत्रिक विभाग**

क्र. 486 /यां.वि./2024-25 भोपाल दिनांक 09/04/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती हैं।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस. ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD_ 40 7580_3 | Asphalting work at green park colony ward 13 zone 03 | 2,41,854 | 2,419 | 2,000 | MPUADD BUILD ISSR 2021 | 60 दिवस |

1- Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in

2- The Bid Documents can be purchased only online from 13:30 AM 10/04/2025 to 17:30 PM 24/04/2025

3- Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in Only, and not in newspaper.

The initial period of 5 Years for B.T/C.C road and 3 Years for Drain/Bulding after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

नि.क्र. 1639/025/026

सहायक यंत्री
जोन क्रं. 08 नगर निगम, भोपाल


## टेंपल एक्ट और नई शिक्षा नीति 2020 को समाप्त करने की मांग को लेकर जेल भरो आंदोलन मे गिरफ्तारी



सांध्य प्रकाश बैतूल। बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित अन्य सामाजिक संगठनो के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर चौक पर प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक जेल भरो आंदोलन का प्रदर्शन किया गया। और बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं बाबा साहब अंबेडकर चौक पर एक जुट होकर औपचारिक मुचलका गिरफ्तारी दी।यह आंदोलन महाबोधि महाविहार बुद्ध गया मुक्ति अभियान के चौथे चरण के रूप में देश के 31 राज्यों और 567 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर विरोध किया। भाजपा सरकार से मुख्य मांग है। कि बौद्धों के पवित्र स्थल महाबोधि महाविहार से ब्राह्मणों का कब्जा हटाया जाए। टेंपल एक्ट 1949 को रद्द करें। उनका कहना है। कि स्थल बौद्ध समुदाय का है। पर बाहरी कब्जा ठीक नही है। इसके अलावा ओबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना कराने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने तथा रोजगार देने और नही मिलने तक बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की गई। महिला अपराध, अत्याचार रोकने आदिवासियों को जल,जंगल जमीन से उजाड़ने की कार्यवाही बंद करें। नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने और वकफ बोर्ड में हस्तक्षेप ना करने की मांग की है। सरकार को चेतावनी की मांग पूरी नही जाने पर 1 जुलाई 2025 को भारत बंद का आह्वाहन भी करेंगे।

## घोड़ाडोंगरी तहसील कार्यलय के चपरासी पर भूमि का नक्शा देने के नाम बीस हजार रिश्वत मांगने का आरोप कलेक्टर से शिकायत

सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता सारणी। नक्शा प्राप्त करने के लिए एक साल से प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काट रहे शोभापुर कॉलोनी पाथाखेड़ा निवासी मंजूर अहमद रिजवी ने अब कलेक्टर एवं दंडाधिकारी के समक्ष एक शिकायत प्रस्तुत कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मंजूर अहमद का आरोप है। कि एक कर्मचारी ने सीधे 20 हजार रुपये की मांग कर दी। बताया कि 16 अगस्त 2023 को तहसीलदार घोड़ाडोंगरी के समक्ष मौजा बगडोना, खसरा नंबर 65/1 एवं 65/4 का नक्शा लेने के लिए आवेदन दिया था। मार्क होने पर पटवारी लगातार 8 महीने से कार्यलय के चक्कर लगवा रहा है। 29 अप्रैल 2024 को कानूनगो के कहने पर उन्होंने 20 रुपये की रसीद क्रमांक 5488 कटवाई ताकि नक्शा प्राप्त कर सके। नक्शा आवेदन पर 1 मई 2024 को पटवारी ने टीप लिखी की प्रमाणित नक्शा आई टी सेंटर से प्राप्त करें। नक्शा प्राप्त न होने पर उन्होंने 11 जून 2024 को कलेक्टर को आवेदन किया है। डिप्टी साहब ने तत्काल तहसीलदार घोड़ा. महीमा मिश्रा को फोन पर निर्देश दिए। लेकिन मंजूर अहमद तहसीलदार के पहुँचने पर बताया कि फाइल डाक से नहीं मिली। लगातार सात माह से घोड़ाडोंगरी सारनी तहसील के चक्कर काटते रहे। लेकिन फाइल नहीं मिली। आरोप है कि उन्होंने नायब तहसीलदार से मिलने पर कर्मचारी से मिलने को कहा था। आरोप है की अब कर्मचारी रुपए बीस हजार की मांग करने लगा। मंजूर अहमद रिजवी ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। की फाइल पावती क्रमांक 3760 को तहसील कोर्ट में प्रकरण दर्ज कर उक्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



समक्ष — माननीय न्यायालय जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी
महोदय जिला बैतूल म.प्र.

**इनका कहना है**

आवेदक के नाम से भूमि दर्ज नहीं है। उक्त भूमि का भूमि स्वामी दूसरे पक्ष को नोटिस भेजकर बुलाया जाएगा। नक्शा दुरुस्त होने के बाद आन लाइन नक्शा ले सकेंगे। सोहन लाल पर रिश्वत का आरोप झूठा लगाया गया है।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरगोन जिला, खरगोन म.प्र.**

निविदा सूचना क्रमांक/22/MCK) 8477/ई-टेंडर /2025 खरगोन, दिनांक -07.04.2025

**- निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 415156_1 | भगतसिंह चौराहा के पास भण्डारी पेट्रोल पम्प से कृषि अनुसंधान केन्द्र तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 03 माह लागत 3390745/- | 5000/- 25430/- | 07/05/2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 415157_1 | भगतसिंह चौराहा के पास होटल प्रेसिडेंट से अजाक्स थाने तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 03 माह लागत 3395826/- | 5000/- 25468/- | |
| 3 | 2025_UAD_ 415158_1 | खण्डवा रोड पर अजाक्स थाने से आदर्श नगर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 03 माह लागत 3395826/- | 5000/- 25468/- | |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खरगोन

(भोलू कर्मा) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद,खरगोन

(बीरेन्द्र सिंह चौहान) सभापति, लो.नि. विद्युत एवं यात्रिकी नगर पालिका परिषद, खरगोन

(एम. आर. निंगवाल) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, खरगोन

# बारिश से कृषि उपज मंडी में रखा हजारों क्विंटल गेंहू भीगा

## गरज चमक साथ बारिश हुई ओले भी गिरे, बिजली गिरने से पेड़ टूट





**छिंदवाड़ा।** जिले में बुधवार को दोपहर में मौसम ने अचानक करवट बदली और आसमान में बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का असर रहा कहीं तेज बारिश हुई तो कहीं बूंदाबादी और तेज हवाएं चली। शहर में गरज चमक के साथ बारिश होने से कृषि उपज मंडी कुसमेली में किसानों का रखा गेहूँ भीग गया, किसानों का आरोप है कि उनका गेहूँ बाहर रखा रहता है जबकि व्यापारियों का गेहूँ शेड में होता है। मंडी में गेहूँ गीला होने से किसानों को काफी नकुसान पहुंचा है, कृषि उपज मंडी हजारों क्विंटल गेहूँ गीला होने की खबर है। तेज आंधी तूफान और बारिश से शहर में ही बल्कि जिले के अन्य क्षेत्रों में भी नुकसान पहुंचा है। कई क्षेत्रों में चने के आकार के ओले गिरे वहीं सिंगोड़ी में बिजली गिरने से पेड़ टूट गए। जिले में अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से भी राहत हुई, तेजी से बढ़े पारा के चलते तेज धूप और उमस से लोगों को राहत मिली। पांढुर्ना जिले में भी दोपहर के बाद तेज बारिश और ओले गिरे , तेज आंधी और हवा के साथ आए पानी से लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

### गेहूँ गीला हुआ लेकिन किसानों का नुकसान नहीं होने देंगेः परते

कृषि उपज मंडी के सचिव सुरेश परते ने बताया कि मंडी के शेड में गेहूँ रखने की क्षमता 20 हजार क्विंटल है जबकि गेहूं की आवक 34 हजार क्विंटल थी पिछला खरीदी का गेहूँ हम्मालों द्वारा नवरात्र के चलते नहीं उठाने से भी दिक्कत हुई है। जिन किसानों का गेहूँ गीला हुआ है उनका नुकसान नहीं होने देंगे रेट भी कोई ज्यादा अंतर नहीं आएगा। श्री परते ने कहा कि मौसम की जानकारी से भी किसानों को अवगत कराया जाता है लेकिन किसानों को मंडी में माल लेने से रोक नहीं सकते।

### सिंगोड़ी में बिजली गिरी पेड़ टूटे

हवा धुंध और गरज चमक के साथ हुई बारिश से सिंगोड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन बस स्टैंड के पास फारेस्ट ऑफिस के निकट लगे पेड़ों पर बिजली गिरी जिससे पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए कुछ देर के लिए यहां यातायात प्रभावित भी हुआ। अचानक आए इस बदलाव से लोगों को राहत के साथ परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

## नरवाई जलाने वालों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट

**चौरई।** थाना चौरई में ग्राम बिंझावाडा निवासी कृषक गिरजानंद सनोडीया द्वारा नरवाई जलाने के संबंध में डालचंद सनोडीया निवासी हरणभटा की पुलिस प्राथमिकी दर्ज की गई कृषक द्वारा अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया गया है कि डालचंद सनोडीया कृषक द्वारा दोपहर के समय अपने खेत में नरवाई में आग लगाई गई कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा इस संबंध में प्रतिबंधित आदेश भी जारी किया गया इसके उपरांत भी कृषक द्वारा नरवाई जलाई गई जिससे कि शिकायतकर्ता कृषक गिरजानंद सनोदिया के यहां रखे पाइप समेत अन्य कृषि उपकरण जल गए क्षेत्र में लगातार कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा कृषकों को जागरुक कर नरवाई न जलाने के संबंध में स्पष्ट जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे है परंतु इसके उपरांत भी जिन कृषकों द्वारा यदि नरवाई में आग लगाई जाएगी तो प्रशासन द्वारा इस दिशा में कड़े कदम उठाए जाएंगे जिला प्रशासन द्वारा एवं विकासखंड स्तर पर कृषि विभाग द्वारा नरवाई न जलाने के संबंध में सुपर सीडर से सीधे बिना नरवाई में आग लगाए बोनी करने हेतु सुपर सीडर भी अनुदान पर उपलब्ध कराए जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा चांद क्षेत्र के एवं चौरई क्षेत्र के लगभग 800कृषकों द्वारा नरवाई में आग न लगाकर इस वर्ष ग्रीष्मकालीन सीधे मूंग फसल की बुवाई की गई जिससे लगातार अच्छा उत्पादन लिया जा रहा है एवं पर्यावरण भी सुरक्षित हो रहा है।

## एन.एस.यू.आई ने छात्र-छात्राओं की मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** एन.एस.यू.आई के छात्र नेता अर्पित तिवारी ने छात्र छात्राओं की विभिन्न मांगों के साथ ज्ञापन दिया जिसमें एन.एस.यू.आई प्रदेश महासचिव अपेक्षा सूर्यवंशी उपस्थित थी । तिवारी ने बताया कि विगत दिनों दिए गए ज्ञापन में कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण छात्र संगठन पुनः धरने में भूख हड़ताल के साथ बैठ गया था जिससे कॉलेज प्रशासन जानकारी लगते ही तत्काल छात्रों से बात करने पहुंचा और मौखिक रूप से यह कहा कि देनप के छात्र नेताओं के साथ ज्ञापन में दर्शाए गए बिंदुओं पर गहन चर्चा की जायेगी और निष्कर्ष निकालकर छात्र हितों में फैसला लिया जायेगा । छात्र नेता के द्वारा पूछने पर बताया गया कि इसके पहले भी 1 सप्ताह पूर्व ही इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई इससे नाराज होकर छात्रों ने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी थी जिसके परिणाम स्वरूप आज हम धरने में बैठे है। आज शिवनारायण वर्मा,अभिजीत इवनाती,सुशील परतेती,अनामिका यादव, अभिषेक वर्मा,महेंद्र साहू,अनामिका कुमरे, ओम कनोजिया सहित अन्य छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंबेडकर की जयंती 14 को

**छिंदवाड़ा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा सहाब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वे जन्म दिवस पर 14 अप्रैल को अम्बेडकर पार्क अमरवाड़ा में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सीताराम कटारे होंगे अध्यक्षता ठाकुर त्रिविक्रम हिरपाची जिला अध्यक्ष करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में राजेन्द्र साहू, डॉ. सी.एम. गेडाम, सुरेश बुनकर, हरिचंद प्रजापति, ज्ञानेश्वर गजभिये जोन प्रभारी बालाघाट, श्रीमति संतोषी दुर्गा वंशकार पार्षद उपस्थित रेहेंगे।

## पुजारी संघ द्वारा हनुमान के मंदिर में पूजा अर्चना कर भंडारा का वितरण किया जाएगा

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी के जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की हनुमान जन्म उत्सव जिला अस्पताल कंपाउंड के अंदर मनकामेश्वर हनुमान मंदिर गेट नंबर 4 दिन शनिवार प्रातः 9ः00 बजे पूजन कर भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा और भजन सुंदरकांड 108 पाठ किए जाएंगे ।

## 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आयेः भाजपा

### अमरवाड़ा, चौरई, परासिया में सम्मेलन आज



**छिंदवाड़ा।** भाजपा स्थापना दिवस के जिला संयोजक संजय पटेल ने बताया कि आज विधानसभा जुन्नारदेव के दमुआ में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन संपन्न हुआ । सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है । उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार लोगों ने जाना कि सरकार को गांव की भी चिंता है । पहली बार देश के 6 लाख गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से जुड़े । पहली बार किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बैंक के दरवाजे पर पहुंचे तथा देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 2015 में जनधन खाते खुलवाएं थे, आज 42 करोड़ लोग जनधन खाते से जुड़े । उन्होंने आधार से लोगों को जोड़ा जिससे हितग्राही को सीधे लाभ मिला तथा अब मोदी जी जितने पैसे डीबीटी से भेजते है वह राशि सीधे हितग्राहियों को प्राप्त होती है । छिंदवाड़ा जिले के सांसद माननीय विवेक बंटी साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 के बाद विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाया है । प्रधानमंत्री के इन 10 वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उपर आए है तथा 2014 में भारत दुनिया की 14 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था हुआ करता था अब भारत दुनिया की 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा 2027 में भारत दुनिया की 3 री बड़ी अर्थव्यवस्था होगा तथा आजादी के 100 वर्ष पूरे होने के पहले हम दुनिया में नम्बर एक स्थान पर होंगे । इस अवसर पर भाजपा स्थापना दिवस के जिला संयोजक संजय पटेल, सहसंयोजक श्रीमती गरिमा दामोदर, भरत घई, माइकल पहाड़े, अजय सक्सेना, नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, श्रीमती किरण खातरकर, उपाध्यक्ष बबुआ कश्यप, श्रीमती सोनिया कुमरे, जनपद अध्यक्ष तुलसा परतेती, श्रीमती सविता भोसम, उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी, विष्णु शर्मा, सिपतराम यदुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सोनू पाटिल, शिवम साहू, भूषण सूर्यवंशी, विवेक चंद्रवंशी, दयाराम इरपाची, नितेश पटेल, श्रीमती स्वाति यदुवंशी सहित सभी सक्रिय कार्यकर्ता, पदाधिकरीगण उपस्थित रहे ।

## संगम मंदिर परिसर में चल रहे कांक्रीटीकरण कार्य का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



**आष्टा।** नगर का संगम मंदिर जो कि नगर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केन्द्र बिंदु तो है ही, वहीं नगर की प्राचीन धरोहरों में से एक यह मंदिर है। नगरपालिका द्वारा पूर्व में भी इस मंदिर में विराजित भगवान पशुपतिनाथ जी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रो? सहित अन्य कार्य कराए गए है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एवं मंदिर की सुरक्षा हेतु पूर्व में बाउंड्रीवाल का निर्माण कर मंदिर को सुदृ? बनाया गया, अब नगरपालिका द्वारा उस क्षैत्र में कांक्रीटीकरण कार्य करा रही है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवा?ा ने वार्ड क्रमांक 18 स्थित संगम मंदिर में चल रहे कांक्रीटीकरण कार्य के निरीक्षण अवसर पर व्यक्त किए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवा?ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के सैक?ों श्रद्धालुओं का प्रतिदिन भगवान पशुपतिनाथ जी के दर्शनार्थ आवागमन लगा रहता है। मंदिर परिसर में बैठने के लिए स्थान का अभाव था, अब नगरपालिका द्वारा मंदिर के कच्चे भाग पर कांक्रीटीकरण कार्य कराकर समतलीकरण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बैठने एवं अन्य धार्मिक गतिविधियां संचालित करने के लिए व्यवस्थित पर्याप्त स्थान हो सकेगा। उक्त कांक्रीटीकरण का कार्य लगभग 5 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवा?ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया, मनोहर विश्वकर्मा, सुशील पांचाल, गगन तिवारी, राम सोनी आदि मौजूद थे।

## शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें निजी विद्यालय-श्रेयांश कूमट

### जिला योजना भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित



मंडला--मध्यप्रदेश निजि विद्यालय( फीस एवं संबंधित विषयों का विनियमन )नियम 2020 एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में जिला योजना भवन में अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधकों/प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं, सभी दिशा-निर्देशों का अशासकीय विद्यालय भी पालन सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकाशन की पुस्तकों के स्थान पर केवल एनसीईआरटी अथवा एससीईआरटी की पुस्तकें भी अध्यापन के लिए उपयोग करें।अपार आईडी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाया जाना अनिवार्य है,निर्धारित समय में यह कार्य पूर्ण करें।शासन की स्कूल बैग पॉलिसी का पालन सुनिश्चित करें जिसके अनुसार कक्षा एक से 10 तक के बच्चों के वजन के अनुपात में स्कूल बैग का वजन निर्धारित किया गया है।पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को किसी प्रकार का बैग नहीं लाना है।स्कूल बसों के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों के लिए जारी निर्देश एवं मानकों के अनुरूप बसों अथवा वाहनों का संचालन करें।प्रत्येक स्कूल वाहन में प्रबंधक/प्राचार्य का मोबाईल नंबर दर्ज करें।पुस्तकों अथवा गणवेश के लिए किसी विशेष दुकान या संस्था की अनिवार्यता तय नहीं की जायेगी,इस तरह की शिकायत आने पर क?ी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्कूल अपने यहाँ बुकबैंक बनाएं जिससे प्रतिवर्ष नई किताबों पर आपकी निर्भरता कम होगी।बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बाई वरक?, डीपीसी श्री अरविंद विश्वकर्मा,एपीसी श्री मुकेश पांडे, बीईओ मण्डला श्री रंजीत गुप्ता सहित निजी विद्यालयों के प्रबंधक/प्राचार्य उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सरपंच और रिश्तेदारों पर शासकीय भूमि का निजीकरण करने का आरोप



**सांध्य प्रकाश आमला ।** बैतूल तहसील के ग्राम नाहिया निवासी सुयश पंडाग्रे ने भूतपूर्व सरपंच और उसके रिश्तेदारों पर शासकीय भूमि के आवंटित किए गए पट्टे की जमीन का निजीकरण किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से की है। आवेदक का आरोप है। कि शासकिय भूमि जिस पर पट्टे आवंटित भी है। जिनका अनावेदकों द्वारा ऑनलाइन निजीकरण कर रकबा और नक्शा बढाकर लगभग 35 साल से बसे मेहरा समाज के मकानों को हटवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। आवेदक ने बताया कि उक्त शासकीय भूमि पर पूर्व में बांध बना था जो कुछ ही समय में टूट गया। राजस्व के नक्शे में अनावेदक की जमीन दर्शाई जा रही और टुटे हुए सरकारी बांध को उस स्थान से गायब ही कर दिया गया। जबकि शासकीय बांध के साक्ष्य बांध की दीवार एवं जहां से बांध टुटा हुआ है।

## माताजी के जवारें के कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू अमरवाड़ा शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित चैत्र नवरात्र के जवारों के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने माताजी के दरबारों और जवारों के दर्शन कर जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि की कामना की। अमरवाड़ा में प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू आनंद साहू, पप्पू साहू, राजू डेहरिया, पूर्व पार्षद मुकेश यादव एवं विनोद साहू के निवास स्थान पहुँचे और माताजी के दरबारों और जवारों के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद बुजुर्गो का आर्शीवाद भी लिया। सांसद श्री साहू मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा के निवास स्थान पर भी पहुँचे और उनसे एवं उनके परिवारजनों से मुलाकात की।

## अमरवाड़ा में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए सांसद

छिंदवाड़ा। भाजपा सरकार के सहयोग से लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में हिजाफा हो रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। छिंदवाड़ा में सिम्स हॉस्पिटल सहित जिलेभर में उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आगामी समय में और भी बेहतर सुविधाएं जिले के निवासियों को मिल सकेगी। उक्त आशय की जानकारी अमरवाड़ा में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने दी।

### पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके के जन्मदिन पर विशेष

# गाँव की मिट्टी से उठकर राजभवन तक पहुँची जनजातीय चेतना की आवाज़



(गोविन्द चौरसिया)

आज देश की जानी-मानी राजनेता और पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके का जन्मदिन है। इस अवसर पर देशभर से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही हैं। अनुसुइया उइके का जीवन एक सशक्त महिला नेतृत्व की मिसाल है – एक ऐसा सफर, जिसमें संघर्ष भी था, समर्पण भी और उल्लेखनीय उपलब्धियाँ भी। राजनीति में ऐसे नाम विरले होते हैं जो नारे नहीं लगाते, लेकिन उनका जीवन ही एक सशक्त वक्तव्य बन जाता है। पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके उन्हीं चंद नामों में शुमार हैं। आज जब वह अपना जन्मदिन मना रही हैं, तो यह केवल एक व्यक्तिगत दिन नहीं है ,यह उस जनजातीय चेतना, स्त्री सशक्तिकरण और सार्वजनिक सेवा की निरंतर यात्रा का उत्सव है, जिसे उन्होंने दशकों तक जिया है।



### मूल से शीर्ष तक-एक कठिन लेकिन सच्चा सफर

अनुसुईया उइके का स?र एक कठिन एवं सच्चा स?र रहा है तथा मिट्टी से उठी एक चिंगारी ने आज एक ऐसे प्रकाश स्तभ का स्वरूप ले लिया है जो समाज के विभिन्न वर्गो विशेषकर आदिवासी ओर महिलायों के लिए प्रेरणा का श्रोत बना हुआ है ग्राम रोहनाकला में पली-बढ़ी सुश्री उइके की कहानी किसी लोककथा सी है। साधन कम थे, लेकिन सपने बड़े , जिसे उन्होंने अपने संघर्ष ओर जुनून से पुरे किये । मध्यप्रदेश के एक दूरस्थ अंचल से उठकर शासकीय महाविद्यालय तामिया में कॉलेज व्याख्याता से प्रारभ हुआ यह स?र ,विधायक ,मंत्री ,राष्ट्रीय व राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग , राष्ट्रीय महिला आयोग ओर राज्यसभा सांसद से होते हुए राज्यपाल के पद तक पहुँचता है जो किसी सामान्य व्यक्तित्व की बात नहीं है। अनुसुइया उइके का बचपन उन परिस्थितियों में बीता जहाँ शिक्षा, अधिकार और आत्मविश्वास–तीनों को लड़कर हासिल करना पड़ता था ,लेकिन यही संघर्ष उनकी पूंजी बना । वे छात्र जीवन से ही वे सामाजिक सवालों से टकराती रहीं, और जल्दी ही राजनीति उनके लिए केवल मंच नहीं, बल्कि मिशन बन गई।

### राजनीतिक कैरियरः मुद्दों की राजनीति, चेहरे की नहीं

अनुसुईया उइके का प्रवेश छात्र संघ की राजनीति से हुआ, लेकिन उन्होंने खुद को कभी दलगत सीमाओं में कैद नहीं होने दिया। सुश्री उइके ने 1985 में कांग्रेस से दमुआ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर राजनीति में कदम रखा और 1988-89 में मध्यप्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं, बाद में भाजपा से जुड़कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्ष ,राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य वर्ष 2006 में राज्यसभा सांसद, और फिर 2019 से 2023 तक छत्तीसगढ़ एवं 2023 -2024 मणिपुर की राज्यपाल के रूप में जन सरोकार के रूप में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे हर मंच पर ऐसे लोगों की आवाज़ बनीं जो अक्सर सत्ता की गलियों में अनसुने रह जाते हैं।

### राज्यपाल के रूप में संवैधानिक गरिमा की मिसाल

अनुसुईया उइके जब 29 जुलाई 2019 में जब छत्तीसगढ़ की राज्यपाल नियुक्त हुई , तब उन्होंने 'राज्यपाल' के रूप में संवैधानिक गरिमा की मिसाल कायम की उन्होंने राज्यपाल की भूमिका को केवल औपचारिकता से आगे बढ़ाकर उसे जनसंवेदनाओं से जोड़ने का प्रयास किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजभवन के द्वार आम जनता के लिए भी खोलकर एक अनोखी परंपरा की शुरुआत की। ग्रामीण, युवा, महिलाएँ और ज़रूरतमंद नागरिक सीधे उनसे मिलकर अपनी समस्याएँ साझा कर सकते थे। इस कदम ने राजभवन की छवि को औपचारिकता से हटाकर जनसरोकार का केंद्र बना दिया। वे ग्रामीण महिलायों की समस्या के प्रति अत्यंत संवेदनशील रही ओर यही कारण है कि जब छत्तीसग? राज्य के गरिया बंध जिले के ग्राम सुफेबे?ा की किडनी रोग से प्रभावित महिलाये उनसे मिली तो उन्होंने तत्काल निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करवाई और जिस तेल नदी का पानी पीकर महिलाये ओर ग्रामीण जन किडनी रोग से प्रभावित हो रहे थे उस तेल नदी पर पुल निर्माण कराने के साथ ही वाटर ि?ल्टर प्लांट की स्थापना भी करायी जिससे ग्राम सुफेबे?ा के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है ओर अब वे स्वस्थ जीवन जी रहे है ।

### मणिपुर कार्यकाल

अनसुइया उइके ने 22 फरवरी 2023 को मणिपुर की 18वीं राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाला और उसके कुछ ही समय बाद, राज्य जातीय हिंसा की चपेट में आ गया। उन्होंने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत शिविरों में लोगों से मुलाकात की और केंद्र व राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को गति प्रदान की । उन्होंने राजभवन को आम नागरिकों के लिए सुलभ रखा, जिससे लोग बिना भेदभाव के अपनी समस्याएँ सीधे साझा कर सके। इस चुनौतीपूर्ण दौर में उनका नेतृत्व मणिपुर की जनता के लिए आशा और संवेदनशीलता की मिसाल बना। इस राज्य की आदिवासी महिलायों ने उनमे मातृत्व गुण से भरपूर ऐसी महिला की कल्पना की जो उनकी अपनी माँ में ही हो सकती है इसलिए वे उनके बीच मदर के रूप में विख्यात हुई । एक आदिवासी महिला की आवाज, जो आज भी गूंजती है

अनुसुइया उइके आज भले ही किसी संवैधानिक पद पर न हों, लेकिन उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वे उन गिने-चुने नेताओं में हैं जिनकी पहचान पदों से नहीं, पदचिन्हों से होती है। उनका जीवन आदिवासी समाज के लिए, महिलाओं के लिए और ग्रामीण भारत की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी आवाज एक ऐसी आदिवासी महिला की आवाज है जो आज भी विभिन्न क्षेत्रो में गुंजायमान है उन्होंने राजनीति को सेवा से जोड़ा, और सत्ता को समाज से । ÷

उनकी शख्सियत न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक चेतना की भी प्रतीक होती तथा उनका संघर्ष और योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है.।

# जैन समाज ने भगवान महावीर की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

भोपाल। नगर के जैन समाज ने भगवान महावीर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर नगर में कई क्षेत्रों में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिला-पुरुषों समेत बच्चों ने भी भाग लिया। इतवारा, ई 2 अरेरा कॉलोनी, पुराने भोपाल, नंदीश्वर जिनालय लालघाटी क्षेत्र, सेकंड स्टॉप में जैन समाज ने श्री भगवान महावीर जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर नगर निगम महापौर मालती राय भी शामिल हुईं। इतवारा चौराहा पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष श्री बृजुला सचान एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।





































